भारत के समाचार पत्रों के पंजीयक का कार्यालय द्वारा पंजीकृत संख्या UTTHIN/2015/66525

E-mail: amarujiyara@gmail.com

# अमर उजियारा

हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

वर्ष–7 | अंक–19 | सोमवार, 30 अगस्त 2021 | हल्द्वानी (नैनीताल) | मूल्य 5/– रुपया | पृष्ठ 8

## तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे महाराष्ट्र के राज्यपाल कोश्यारी



देहरादून। महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी तीन दिवसीय दौरे पर उत्तराखंड पहुंचे हैं। जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। इसके बाद कोश्यारी एयरपोर्ट से देहरादून के लिए रवाना हुए। राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी रविवार को दिल्ली से देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पर पहुंचे। एयरपोर्ट पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपाइयों ने उनका स्वागत किया। आदर्श समिति की अध्यक्ष आशा कोठारी के नेतृत्व में भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष मंदीप बजाज, सिख संगत के प्रदेश अध्यक्ष गुरमेल सिंह, सभासद राजेश भट्ट, नरेश कुमार, संजय चमोली आदि ने महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की पुस्तक का विमोचन होने पर उनका शाल ओढ़ाकर स्वागत भी किया। आपको बता दें कि राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी मंगलवार को वापस रवाना होंगे। शासन व जिलों में बड़े स्तर पर किए गए प्रशासनिक फेरबदल के बाद अब पुलिस महकमे में तबादलों की बारी है। सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री कार्यालय में तबादलों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही इसके आदेश जारी किए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते एक माह में नौकरशाही में बड़ा फेरबदल किया है। पहले उन्होंने दो चरणों में आइएएस अधिकारियों के पदभार बदले। इसके बाद पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए गए। अब आइपीएस और पीपीएस अधिकारियों के तबादले की तैयारी चल रही है। सूत्रों की मानें तो सरकार पुलिस मुख्यालय से लेकर जिलों के कप्तानों को बदलने की तैयारी कर रही है। जल्द ही तबादला सूची जारी हो सकती है।

## नाबालिग से दुष्कर्म और पीटने के आरोपित को मंगलवार को होगी सजा



देहरादून। नाबालिग से दुष्कर्म और पीटने के आरोपित को फास्ट ट्रैक विशेष जज अश्वनी गौड़ की कोर्ट ने दोषी करार दिया है। 31 अगस्त यानी मंगलवार को दोषी को सजा सुनाई जाएगी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमे में दो माह के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दी थी। कोर्ट में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल सात गवाह पेश किए गए। शासकीय अधिवक्ता किशोर कुमार ने बताया कि 19 अक्टूबर, 2017 को पटेलनगर थाने में एक व्यक्ति ने नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर बिजनौर निवासी आरोपित किशन उर्फ बंटी पर मुकदमा दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार पड़ोस में रहने वाला बंटी नमकीन की फेरी लगाता था। बंटी उनकी बेटी के संपर्क में था और उससे शादी करने का प्रस्ताव भी लाया, लेकिन बेटी के नाबालिग होने के कारण उन्होंने इन्कार कर दिया। इसके बाद उसने दबाव बनाया तो पिता ने बेटी की सगाई कर दी और बालिग होने पर दीपावली के बाद शादी करने की बात कही। दीपावली पर किशोरी के माता-पिता उसे दून में छोड़कर बिजनौर अपने रिश्तेदारों के पास चले गए। इसका फायदा उठाकर बंटी किशोरी के पास गया और दुष्कर्म किया।शिकायतकर्ता का आरोप था कि बंटी ने उनकी बेटी की वीडियो बनाई और विरोध करने पर उसे पीटा। पुलिस ने मुकदमे में दो माह के भीतर चार्जशीट दाखिल कर दी। कोर्ट में अभियोजन पक्ष की ओर से कुल सात गवाह पेश किए गए, जिनकी गवाही व अन्य साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने बंटी को दोषी करार दिया है।

## कांग्रेस सरकार बनने पर दूर करेंगे जनसमस्याएं : वरूण बालियान



हरिद्वार। सुभाष नगर की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता वरुण बालियान के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला तथा जन जागरण अभियान चलाया। इस दौरान वरूण बालियान ने कहा कि सुभाष नगर की तमाम सड़कें क्षतिग्रस्त हैं। निकासी की व्यवस्था नहीं होने के कारण खाली प्लाटो में बरसाती पानी इकठ्ठा होने के कारण उसमें मच्छर पनप रहे हैं। जिससे डेंगू, मलेरिया आदि संक्रामक रोग फैलने का खतरा बना हुआ है। गली गली अवैध रूप से शराब बिकने के कारण क्षेत्र के युवा नशे के आदि हो रहे हैं। क्षतिग्रस्त पुलियाओं का निर्माण लोग आपसी सहयोग से पैसा इकठ्ठा कर करा रहे हैं। जनप्रतिनिधि समस्याओं के प्रति आंखे मूंदे बैठे हैं। स्थानीय लोगों के जनप्रतिनिधियों से गुहार लगाने के बावजूद समस्याओं का समाधान नहीं हो रहा है। वरुण बालियान ने कहा कि क्षेत्रीय विधायक जनसमस्याएं दूर करने में पूरी तरह नाकाम रहे हैं। लगातार दूसरे कार्यकाल में भी विधायक लोगों को सुविधाएं उपलब्ध कराने में विफल ही साबित हुए हैं। सरकार व विधायक की कार्यशैली से परेशान क्षेत्रीय जनता चुनाव में उन्हें सबक सिखाने के लिए तैयार बैठी है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनने पर क्षेत्र की समस्याएं दूर कर लोगों को सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता भाजपा सरकार की नाकामियों से जनता को अवगत कराएं। इस दौरान अनिल चौहान, महावीर चौधरी, रोहित चौहान, सुरेश, मोहन, भूपेंद्र वशिष्ठ, पंकज त्रिपाठी, शुभम धीमान, शुभम बिष्ट, बंधन, मयंक, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

## खेल दिवस के अवसर पर किया सद्भावना मार्च का आयोजन




रुड़की। रुड़की लायन हब फॉर प्रमोशन ऑफ स्पोर्ट समूह ने खेल दिवस के मौके पर सद्भावना मार्च का आयोजन किया। इसमें प्रमुख खेल प्रशिक्षकों के साथ ही खिलाड़ी शामिल हुए। रुड़की में अग्रसेन चौक पर सद्भावना मार्च से पहले सभी खिलाड़ियों ने मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने खेल के रूप में देश को दिए उनके योगदान के बारे में बताया और उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम संयोजक हेमंत शर्मा ने कहा कि रुड़की में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। प्रत्येक खिलाड़ी को अपना लक्ष्य निर्धारित करते हुए अपने खेल को आगे बढ़ाना चाहिए। कोच पीके राठी ने कहा कि हाल में टोक्यो में आयोजित ओलंपिक में देश के खिलाड़ियों ने उपलब्धि हासिल कर देश का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सभी युवा खिलाड़ियों को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। सद्भावना मार्च रुड़की के बोट क्लब स्थित अग्रसेन चौक से शुरू होकर रुड़की टॉकीज चौक, सिविल लाइंस बाजार, नए पुल से होते हुए अग्रसेन चौक में ही संपन्न हुई। मार्च में विभिन्न खेलों के प्रशिक्षकों अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय खिलाड़ियों ने भाग लिया मार्च का संचालन अरुण शर्मा ने किया। इस अवसर पर पीके राठी, पीयूष शर्मा, विनोद मुडप्पी,पंकज शर्मा, अजय राठी, साकेत वर्मा, मनजीत राणा, विवेक मांगलिक, डॉक्टर संजय जैन, सचिन गुप्ता, दीपक वैश्य, मुकेश चौधरी, वसीम अकरम, अनिल शर्मा, अखिलेश शर्मा, सत्येंद्र गोयल, राजकुमार गुप्ता, रवी शर्मा, निशांत आदि लोग उपस्थित रहे।

## मजूदरों ने किया नाबालिग का शारिरिक शोषण

उत्तरकाशी। जिले से एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है जहाँ १३ साल की मासूम नाबालिग बच्ची का दी बिहारी मजदूरों ने अपहरण कर उसका शारिरक शोषण किया। घटना उत्तरकाशी जिले के डुंडा क्षेत्र के जुगणा मनोल गाँव की है जहाँ १३ साल की नाबालिग बच्ची जो बिहारी मजदूरों द्वारा बहला फुसलाकर घर से उठा लिया गया । बिहारी मजदूर नाबालिग को बिहार ले जाने की फिराक में थे मगर राजस्व पुलिस और परिजनों ने रात भर खोजबीन कर लड़की को बरामद कर लिया। आपको बता दें कि घटना २७ अगस्त को घटित हुई। बताया गया कि दिन में लगभग ३ बजे मैनोल गांव में लड़की के परिजनों ने जब लड़की को घर पर नहीं देखा तो खोजबीन शुरू की लेकिन काफी देर तक खोजबीन के बाद जब लड़की नहीं मिली तो राजस्व चौकी में जाकर लड़की के पिता ने एफआईआर दर्ज करवाई। राजस्व उपनिरीक्षक अरविंद पंवार और जयप्रकाश शाह ने गहन खोजबीन कर लड़की को ब्रह्मखाल के एक निर्माणाधीन मकान में २३ वर्षीय गुलसन कुमार बिहारी मजदूर के साथ ढूंढ निकाला। आरोपी गुलसन कुमार ने नाबालिग लड़की का यौन शोषण भी किया राजस्व पुलिस ने बताया कि इस कार्य में मजदूर का ठेकेदार भी उसका सहयोग कर रहा था। दोनो आरोपियों को राजस्व पुलिस ने हिरासत में लेकर उन पर नाबालिग के बयान और परिजनो की तहरीर पर फोक्सो एक्ट धारा ३६४, ३५४, ५०६, १२०क्च आदि सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें आज अदालत में पेश किया जहां से उन्हें रिमांड पर भेजा गया। इस घटनाक्रम से क्षेत्र के लोगों में भारी आक्रोश है और आरोपियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की जा रही है। उधर स्थानीय लोगों का कहना है

## तल्ला नागपुर विकास सघर्ष समिति की बैठक सम्पन्न

ऊखीमठ। तल्ला नागपुर विकास सघर्ष समिति की बैठक दलवीर सिंह राणा की अध्यक्षता में हुई बैठक में क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए अनेक प्रस्ताव पारित किये गये। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि क्षेत्र में फैली विभिन्न समस्याओं के निराकरण के लिए द्वितीय चरण का आन्दोलन २५ अगस्त को होना था, मगर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा मिले आश्वासन के बाद फिलहाल आन्दोलन स्थगित किया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा दिये गए आश्वासन के अनुरूप यदि समय रहते क्षेत्र में फैली समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ तो तल्ला नागपुर की जनता को फिर सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होना पडेगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि तल्ला नागपुर क्षेत्र में समस्याओं का अम्बार लगा हुआ है जिनके निराकरण के लिए सभी को एक मंच पर आना होगा। वक्ताओं ने कहा कि यदि तल्ला नागपुर के अन्य तीर्थ व पर्यटक स्थल कार्तिक स्वामी पर्यटन सर्किट से जोड़े जाते है

# सम्पादकीय

## जनसंपर्क अभियान

केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के विवादित बोल के बाद शिव सैनिकों के उत्पात और राणे की गिरफ्तारी ने बदले की राजनीति का विद्रूप चेहरा ही उजागर किया। निस्संदेह मर्यादा दोनों ओर से लांघी गई। लेकिन शिव सेना सरकार ने राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता का बदला जिस तरह सरकार की ताकत से लिया, वह भारतीय लोकतंत्र के लिये अच्छा संकेत तो कदापि नहीं है। राणे व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के बीच टकराव कोई नयी बात नहीं है। कभी शिवसेना में बाला साहब ठाकरे का प्रिय होने पर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक हासिल करने वाले नारायण राणे को बाद में जिस तरह शिवसेना से बाहर का रास्ता दिखाया गया, उसमें उद्धव ठाकरे की भूमिका को राणे मुख्य मानते रहे हैं। तब राणे कांग्रेस में गये, अपनी पार्टी बनायी और फिर भाजपा में शामिल हो गये। कालांतर में राज्यसभा के रास्ते केंद्र सरकार में मंत्री पद हासिल करने में सफल रहे। फिलहाल राणे भाजपा द्वारा नये मंत्रियों के जरिये पूरे देश में शुरू की गई जन आशीर्वाद यात्रा के तहत जनसंपर्क अभियान में जुटे थे। वैसे तो वे पहले से ही शिवसेना के निशाने पर थे। यही वजह है कि महज चार दिनों में उनकी यात्रा के खिलाफ चालीस मुकदमें दायर किये गये थे, जिसमें कोरोना काल में कोविड प्रोटोकॉल का उल्लंघन भी शामिल है। वहीं अगले साल देश के सबसे बड़े बजट वाले वृहन्नमुंबई नगर निगम के चुनाव को लेकर भी बिसात बिछनी शुरू हो गई है। इस विवाद को भी इसी कड़ी के विस्तार के रूप में देखा जा रहा है। वर्ष २०१९ में जो भाजपा शिवसेना कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर चुनाव की तैयारी में जुटे थे, उन्होंने राणे के बयान के बाद हिंसा व पथराव में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। राजनीतिक टकराव के चलते महाराष्ट्र की कानून-व्यवस्था पर असर पडना दुर्भाग्यपूर्ण ही है। जब राजनीति में मर्यादाएं टूटती हैं तो ऐसी अप्रिय स्थितियां ही पैदा होती हैं। निस्संदेह राणे की गिरफ्तारी भारतीय राजनीति में क्षरण की बानगी दिखाती है।इसमें दो राय नहीं कि राणे द्वारा उद्धव ठाकरे के विरुद्ध की गई टिप्पणी अमर्यादित थी, जिसके चलते शिवसेना ने तल्ख प्रतिक्रिया दी। उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। शुरुआत में उन्हें अग्रिम जमानत भी नहीं मिली और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। पुराने टकराव के चलते उद्धव ठाकरे ने भी सरकार की ताकत दिखाने में कोई देरी नहीं की। ऐसा भी नहीं है कि पहली बार किसी राजनेता ने ऐसा अमर्यादित बयान दिया हो। खुद विधानसभा चुनाव के दौरान उद्धव ठाकरे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विरुद्ध ऐसा ही अपमानजनक बयान देने का आरोप लगा था। आये दिन ऐसे अमर्यादित बयान देने वाले नेताओं की यदि गिरफ्तारी होने लगे तो गिरफ्तार नेताओं की सूची खासी लंबी हो जायेगी। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विताओं का मुकाबला राजनीति के जरिये करने के बजाय कानून की ताकत के जरिये करने की प्रवृत्ति दुर्भाग्यपूर्ण ही है। वैसे अतीत में भी राजनेता अपने विरोधियों के खिलाफ सार्वजनिक रूप से बहुत कुछ कहते रहे हैं लेकिन भाषा को इतने निचले स्तर पर नहीं गिरने दिया जाता था। ये न तो समाज में स्वीकार्य है और न ही इसके बाद संसदीय व्यवहार सहजता से संभव हो पाता है। यही वजह है मुखर विरोध के बावजूद राजनेता आपसी व्यवहार की गुंजाइश बनाये रखते हैं। लेकिन धीरे-धीरे भारतीय राजनीति में मर्यादाओं को भंग करने का फैशन हो गया है। जो जितना ज्यादा तीखा व अप्रिय बोलता है, उसे जनता का ध्यान आकृष्ट करने का सक्षम जरिया मान लिया जाता है।

# अवसर-समता के सिद्धांत व आरक्षण राजनीति

उमेश चतुर्वेदी

हाल में संसद द्वारा १२७वें संविधान संशोधन को मंजूरी देने के बाद आरक्षण की व्यवस्था एक बार फिर चर्चा में है। इस संशोधन का मकसद पिछड़े वर्ग की अपने यहां के जातिगत आधार पर सूची बनाने का अधिकार राज्यों को देना है। इससे गैर आरक्षित या गैर पिछड़े आरक्षित वर्ग के लोग हों, इस संविधान संशोधन से उनकी सेहत पर असर नहीं पडने वाला है। लेकिन इससे एक स्पष्ट संकेत तो मिलता ही है कि राजनीति के चक्कर में आरक्षण की व्यवस्था वहां पहुंच गई है जहां से उसका वापस लौट पाना संभव नहीं। आरक्षण की व्यवस्था करते वक्त संविधान सभा सोच रही थी कि इस व्यवस्था के बाद समाज खुद ही छुआछूत की व्यवस्था को तोड़ देगा और एक दिन ऐसा आएगा, जब भारत की बुनियाद समता मूलक समाज होगा।

सवाल यह है कि क्या संविधान सभा की सोच के मुताबिक देश इस दिशा में आगे बढ़ पाया है? निश्चित तौर पर इसका जवाब न में है। जाति तोडने के लिए बनी आरक्षण व्यवस्था जाति आधारित राजनीतिक ताकत हासिल करने की व्यवस्था को मजबूत करती जा रही है। इस वजह से हर जाति कम से कम राजनीतिक स्तर पर खुद के लिए आरक्षण हासिल करने में ही अपनी ताकत देख रही है। इस पूरी प्रक्रिया में गैर आरक्षित समुदाय खुद और अपने सामुदायिक भविष्य की हालत को चुपचाप देखता नजर आ रहा है। हाल के वर्षों में आरक्षण विरोधी आंदोलन चूंकि नाकाम रहे हैं, इसका भान गैर आरक्षित वर्ग के लोगों को है। लिहाजा वह चुप है, लेकिन वह कुछ-कुछ उसी तरह सोच रहा है, जिसकी आशंका आरक्षण पर हुई बहस के दौरान संविधान सभा के सदस्य पीजी देशमुख ने जताई थी। तब देशमुख ने कहा था, श्चूंकि इस व्यवस्था में गैर आरक्षित लोगों के अधिकारों की स्पष्ट व्याख्या नहीं है, लिहाजा भविष्य में उनको हाशिए पर डाल देने की आशंका है। अल्पसंख्यकों को विशेष सुरक्षा प्रदान करने में बहुमत की अनदेखी की जा रही है।

पीजी देशमुख की इस आशंका को संविधान सभा में खारिज करने के लिए कई तर्क दिए गए थे। तब मोटे तौर पर संविधान सभा भी इस बिंदु पर एकमत हुई थी कि खुद समाज को ही गैर बराबरी खत्म करने के लिए आगे आना होगा। यही वजह थी कि संविधान सभा के एक सदस्य ठाकुर दास भार्गव ने राय दी थी कि आरक्षण का प्रावधान दस साल से ज्यादा के लिए नहीं किया जाना चाहिए। खुद अंबेडकर भी इसी राय के थे। उन्हें उम्मीद थी कि दस बरसों में आजाद भारत की सोच और सरकारी तंत्र के कार्य इतने तेज होंगे कि इस प्रावधान की जरूरत ही नहीं रहेगी।

# धर्म -आध्यात्म पहले हलधर षष्ठी फिर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी !

जन्माष्टमी लेख

डॉ श्रीगोपाल नारसन

जन्माष्टमी का पर्व इस बार 30 अगस्त को मनाया जा रहा है। अष्टमी तिथि की शुरुआत 29 अगस्त को रात 11.25 बजे से होगी और इसकी समाप्ति 31 अगस्त को 01.59 बजे पर होगी। रोहिणी नक्षत्र का प्रारंभ 30 अगस्त को सुबह 06.39 बजे पर होगा और इसकी समाप्ति 31 अगस्त को सुबह 09.44 बजे होगी। पूजा का समय 30 अगस्त की रात 11.59 बजे से 12.44 बजे तक रहेगा। इस शुभमुहूर्त की कुल अवधि 45 मिनट की है।इस व्रत में अन्न ग्रहण नहीं किया जाता है। जन्माष्टमी व्रत अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र के समाप्त होने के बाद तोड़ा जाता है। यदि सूर्योदय के बाद इन दोनों में से कोई भी मुहूर्त सूर्यास्त से पहले समाप्त नहीं होता तो व्रत सूर्यास्त के बाद तोड़ा जाता है। अगर इन दोनों में से कोई भी एक मुहूर्त पहले समाप्त हो जाये तो उस समय के बाद जन्माष्टमी व्रत को पूरा किया जाता है। लोग इस दिन जो व्रत रखते है उसे रात के 12 बजे श्रीकृष्ण की पूजा करने के बाद खोलते हैं। भगवान कृष्ण ने मथुरा नगरी में कंस के कारागृह में देवकी की आठवीं संतान के रूप में जन्म लिया था। जन्माष्टमी पर बालरूप में श्रीकृष्ण की स्थापना की जाती है।वैसे मनोकामना के अनुसार जिस स्वरूप को चाहें ,श्रीकृष्ण को उस रूप में स्थापित कर सकते हैं।प्रेम और दाम्पत्य जीवन के लिए राधा कृष्ण रूप, संतान के लिए बाल श्रीकृष्ण रूप और सभी मनोकामनाओं के लिए बांसुरी के साथ श्रीकृष्ण की प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठित करें।जन्माष्टमी को शंख और शालिग्राम की स्थापना भी की जा सकती हैं।श्रीकृष्ण विग्रह के श्रृंगार में फूलों का खूब प्रयोग करें। पीले रंग के वस्त्र, गोपी चन्दन और चन्दन की सुगंध से विग्रह का श्रृंगार करें। श्रृंगार में काले रंग का प्रयोग कदापि न करें।वैजयंती के फूल अगर श्रीकृष्ण को अर्पित किए जाएं, जो सर्वोत्तम है।भगवान श्रीकृष्ण को पंचामृत जरूर अर्पित करें। उसमे तुलसी दल भी जरूर डालें। मेवा, माखन और मिसरी का भोग भी लगाएं। कहीं-कहीं, धनिये की पंजीरी का भोग भी लगाया जाता है। पूर्ण सात्विक भोजन जिसमें अन्न न हो श्रीकृष्ण को अर्पित किया जाता है।जन्माष्टमी पर प्रात:काल स्नान करके व्रत व पूजा का संकल्प लें। दिन भर जलाहार या फलाहार ग्रहण करें और सात्विक रहें।मध्यरात्रि को भगवान कृष्ण की धातु की प्रतिमा को किसी पात्र में रखें।उस प्रतिमा को पहले दूध , दही, शहद, शर्करा और अंत में घी से स्नान कराएं। इसी को पंचामृत स्नान कहते हैं।इसके बाद प्रतिमा को जल से स्नान कराएं।तत्पश्चात पीताम्बर, पुष्प और प्रसाद अर्पित करें।भगवान श्रीकृष्ण को जो भी सामग्री अर्पित करे उसे शंख में डालकर ही अर्पित करे। इसके बाद अपनी मनोकामना के अनुसार भगवान श्रीकृष्ण के स्तुति मंत्र का जाप करें। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी से दो दिन पहले अर्थात षष्ठी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के ज्येष्ठ भ्राता बलराम का जन्मोत्सव हल षष्ठी के रूप में मनाया जाता है। इस साल हल षष्ठी का व्रत 28 अगस्त को है।इस माह षष्ठी का आरंभ 27 अगस्त की शाम 6.50 बजे से है, लेकिन हिंद पंचांग में उदया तिथि मान्य होने की वजह से हल षष्ठी का व्रत 28 अगस्त को रखा गया है। यह तिथि 28 अगस्त की रात्रि 8.55 बजे तक रहेगी। इस दिन पुत्रवती माताएं और बहनें व्रत रखती हैं और अपनी संतान ही दीर्घायु की कामना करती हैं। कुछ स्थानों पर गर्भवती महिलाओं से भी यह व्रत रखवाया जाता है, ताकि उन्हें ईश्वर की कृपा से स्वस्थ और सुंदर संतान की प्राप्ति हो। हलषष्ठी व्रत में हल से जुती हुई अनाज और सब्जियों का उपभोग नहीं किया जाता। इस व्रत में वही चीजें खाई जाती हैं जो तालाब में पैदा होती हैं। हलधर बलराम की स्तुति व पूजा अर्चना से बच्चे दीर्घायु प्राप्त करते हैं।

इस एक दिन व्रत रखने से कई व्रतों का फल मिल जाता है। अगर भक्त पालने में भगवान



को झुला दें, तो उनकी सारी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं।इस दिन श्रीकृष्ण की पूजा करने से यश, कीर्ति, पराक्रम, ऐश्वर्य, सौभाग्य, वैभव, संतान प्राप्ति, धन, सपंन्नता, आरोग्य, आयु तथा सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मनाकर हर मनोकामना पूरी की जा सकती है।चारों तरफ से सफलता के संदेश आने लगते हैं। भगवान श्रीकृष्ण कर्मयोगी थे। अत: कर्म क्षेत्र में मनचाही ऊंचाइयां चाहते हैं तो इस व्रत को अवश्य करें। परिवार में कलह या तनाव हो तो इस व्रत से निश्चित रूप से शांति और प्रेम का वातावरण निर्मित होता है। धन, धान्य, संपदा, समृद्धि के लिए इस व्रत से शुभ अन्य कोई व्रत नहीं है। नि:संतान दंपत्ति अगर इस दिन चांदी के कान्हा जी लाकर विधिविधान से पूजन करें तो उन्हें अवश्य ही संतान प्राप्ति का आशीष मिलता है। मनचाहा प्रेम, शादी और शादी के बाद पति-पत्नी के रिश्तों में मधुरता के लिए भी यह व्रत सर्वश्रेष्ठ है।श्रीकृष्ण को प्रेम, भक्ति और कर्मयोग का प्रेणता कहे तो गलत नही होगा।उनके जन्मोत्सव के रूप में जन्माष्टमी का पर्व बहुत ही आस्था व विश्वास के साथ मनाया जाता है। मथुरा नगरी में कंस के कारागार में देवकी की आठवीं संतान के रूप में भगवान श्रीकृष्ण भाद्रपद कृष्णपक्ष की अष्टमी को पैदा हुए थे। उनके जन्म के समय अर्धरात्रि थी, चन्द्रमा उदय हो रहा था और उस समय रोहिणी नक्षत्र भी था। इसलिए इस दिन को प्रतिवर्ष कृष्ण जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। अष्टमी पहले ही दिन आधी रात को विद्यमान हो तो जन्माष्टमी व्रत पहले दिन किया जाता है।अष्टमी दूसरे ही दिन आधी रात को व्याप्त हो तो जन्माष्टमी व्रत दूसरे दिन किया जाता है। अगर दोनों दिन अष्टमी आधी रात को व्याप्त न करे तो प्रत्येक स्थिति में जन्माष्टमी व्रत दूसरे ही दिन होगा।जबकि वैष्णवों के मत के अनुसार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अगले दिन मनाई जाती है। क्योंकि वैष्णव और स्मार्त सम्प्रदाय मत को मानने वाले लोग इस त्यौहार को अलग-अलग नियमों से मनाते हैं। वैष्णव वे लोग हैं, जिन्होंने वैष्णव संप्रदाय में बतलाए गए नियमों के अनुसार विधिवत दीक्षा ली है। ये लोग अधिकतर अपने गले में कण्ठी माला पहनते हैं और मस्तक पर विष्णुचरण का टीका लगाते हैं। इन वैष्णव लोगों के अलावा सभी लोगों को धर्मशास्त्र में स्मार्त कहा गया है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि - वे सभी लोग, जिन्होंने विधिपूर्वक वैष्णव संप्रदाय से दीक्षा नहीं ली है, स्मार्त कहलाते हैं।इस व्रत में अष्टमी के उपवास से पूजन और नवमी के पारणा से व्रत की पूर्ति होती है। इस व्रत को करने वाले को चाहिए कि व्रत से एक दिन पूर्व (सप्तमी को) हल्का तथा सात्विक भोजन करें। रात्रि को स्त्री संग से वंचित रहें और सभी ओर से अपने मन और इंद्रियों को काबू में रखें।उपवास वाले दिन प्रात: स्नानादि से निवृत होकर सभी देवताओं को नमस्कार करके पूर्व या उत्तर को मुख करके बैठें। हाथ में जल, फल और पुष्प लेकर संकल्प करके मध्यान्ह के समय काले तिलों के जल से छिड़ककर कर देवकी जी के लिए प्रसूति गृह बनाएँ। अब इस सूतिका गृह में सुन्दर बिछौना बिछाकर उस पर शुभ कलश स्थापित करें। साथ ही भगवान श्रीकृष्ण को स्तनपान कराती माता देवकी की मूर्ति या सुन्दर चित्र की स्थापना करें। पूजन में देवकी, वासुदेव, बलदेव, नन्द, यशोदा और लक्ष्मी इन सबका नाम क्रमश: लेते हुए विधिवत पूजन करें।,द्वापर युग के अंत में मथुरा में उग्रसेन राजा राज्य करते थे। उग्रसेन के पुत्र का नाम कंस था। कंस ने उग्रसेन को बलपूर्वक सिंहासन से उतारकर जेल में डाल दिया और स्वयं राजा बन गया। कंस की बहन देवकी का विवाह यादव कुल में वासुदेव के साथ निश्चित हो गया। जब कंस देवकी को विदा करने के लिए रथ के साथ जा रहा था तो आकाशवाणी हुई, हे कंस! जिस देवकी को तू बड़े प्रेम से विदा कर रहा है उसका आठवाँ पुत्र तेरा संहार करेगा। आकाशवाणी की बात सुनकर कंस क्रोध से भरकर देवकी को मारने के लिए तैयार हो गया। उसने सोचा - न देवकी होगी न उसका कोई पुत्र होगा।

वासुदेव ने कंस को समझाया कि तुम्हें देवकी से तो कोई भय नहीं है। देवकी की आठवीं संतान से भय है। इसलिए मैँ इसकी आठवीं संतान को तुम्हे सौंप दूँगा। कंस ने वासुदेव जी की बात स्वीकार कर ली और वासुदेव-देवकी को कारागार में बंद कर दिया। तत्काल नारद जी वहाँ आ पहुँचे और कंस से बोले कि यह कैसे पता चलेगा कि आठवाँ गर्भ कौन-सा होगा। गिनती प्रथम से शुरू होगी या अंतिम गर्भ से। कंस ने देवकी के गर्भ से उत्पन्न होने वाले समस्त बालकों को एक-एक करके निर्दयतापूर्वक मार डाला।

परन्तु जब भाद्रपद के कृष्ण पक्ष की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में श्रीकृष्ण का जन्म हुआ। उनके जन्म लेते ही जेल की कोठरी में प्रकाश फैल गया। वासुदेव-देवकी के सामने शंख, चक्र, गदा एवं पदमधारी चतुर्भुज भगवान ने अपना रूप प्रकट कर कहा, अब में बालक का रूप धारण करता हूँ। तुम मुझे तत्काल गोकुल में नन्द के यहाँ पहुँचा दो और उनकी अभी-अभी जन्मी कन्या को लेकर कंस को सौंप दो। वासुदेव ने वैसा ही किया और उस कन्या को लेकर कंस को सौंप दिया।कंस ने जब उस कन्या को मारना चाहा तो वह कंस के हाथ से छूटकर आकाश में चली गई और देवी का रूप धारण कर बोली कि मुझे मारने से क्या लाभ है? तेरा शत्रु तो जन्म ले चुका है। यह दृश्य देखकर कंस हतप्रभ और व्याकुल हो गया। कंस ने श्रीकृष्ण को मारने के लिए अनेक दैत्य भेजे। श्रीकृष्ण ने अपनी आलौकिक माया से सारे दैत्यों को मार डाला। बड़े होने पर श्रीकृष्ण ने कंस को मारकर अपने नाना उग्रसेन को राजगद्दी पर बैठाया। जन्माष्टमी भारत में हीं नहीं बल्कि विदेशों में भी पूरी आस्था व उल्लास से मनाते हैं। श्रीकृष्ण ने अपना अवतार भाद्र माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी को मध्यरात्रि को अत्याचारी कंस का विनाश करने के लिए मथुरा में लिया। चूंकि भगवान स्वयं इस दिन पृथ्वी पर अवतरित हुए थे इसलिए इस दिन को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाते हैं। जन्माष्टमी के मौके पर मथुरा नगरी भक्ति के रंगों से सराबोर हो उठती है।]श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कान्हा की मोहक छवि देखने के लिए दूर दूर से श्रद्धालु जन्माष्टमी के दिन मथुरा पहुंचते हैं। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मथुरा ही नही पूरी दुनिया कृष्णमय हो जाती है।

## लंबे समय बाद गृहस्थ एवं वैष्णव भक्तों के लिए एक ही दिन श्री कृष्णा जन्माष्टमी का व्रत 30 अगस्त को रहेगा सभी का व्रत

इस वर्ष बन रहा है वही ग्रह नक्षत्र का संयोग जो भगवान श्री कृष्ण के



जन्म के समय पर था। लंबे समय बाद गृहस्थ एवं वैष्णव भक्तों के लिए श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का व्रत एक ही दिन मनाया जाएगा जबकि गत वर्षों तक यह त्यौहार २ दिन मनाया जाता था परंतु इस बार ३० अगस्त को ही श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई जाएगी। श्रीकृष्ण ने भादौ माह में ही रोहिणी नक्षत्र के वृष लग्न में जन्म लिया था. ३० अगस्त को रोहणी नक्षत्र व हर्षण योग रहेगा. देश भर के सभी कृष्ण मंदिरों में जन्माष्टमी विशेष धूमधाम के साथ मनाई जाती है. जन्माष्टमी के दिन अष्टमी और रोहिणी नक्षत्र एक साथ पड़ रहे हैं, इसे जयंती योग मानते हैं. द्वापरयुग में जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, तब भी जयंती योग पड़ा था ।

श्रीमद् भागवत व्यास गद्दी पर विराजमान होने वाले आचार्य चंडी प्रसाद घिल्डियाल श्री कृष्ण जन्माष्टमी का शास्त्रीय महत्व बताते हुए कहते हैं कि–

जिस तरह से श्रावण मास में भगवान शिव की भक्ति होती है, उसी तरह से भाद्रपद मास में श्रीकृष्ण की आराधना का महत्व है. इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण का ५२४७वां जन्मोत्सव मनाया जाएगा. शास्त्रीय प्रमाण के अनुसार, भगवान श्री कृष्ण का अवतरण ३२२८ ईसवी वर्ष पूर्व हुआ था. ३१०२ ईसवी वर्ष पूर्व कान्हा ने इस लोक को छोड़ भी दिया. विक्रम संवत के अनुसार, कलयुग में उनकी आयु २०७८ वर्ष हो चुकी है. अर्थात भगवान श्रीकृष्ण पृथ्वी लोक पर १२५ साल, छह महीने और छह दिन तक रहे. उसके बाद स्वधाम चले गए. मुख्यमंत्री द्वारा ज्योतिष वैज्ञानिक सम्मान से सम्मानित डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल के अनुसार, भाद्रमास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि का आरंभ २९ अगस्त को रविवार को रात ११ बजकर २५ मिनट पर होगा. अष्टमी तिथि ३० अगस्त को रात में १ बजकर ५९ मिनट तक रहेगी. इस हिसाब से व्रत के लिए उदया तिथि को मानते हुए ३० अगस्त को जन्माष्टमी का व्रत एवं त्यौहार मनाना ही शास्त्र सम्मत है।

ज्योतिष शास्त्र में बहुत बड़े हस्ताक्षर आचार्य डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल बताते हैं कि इस वर्ष जन्माष्टमी के दिनपूजा का अति विशिष्ट शुभ मुहूर्त ३० अगस्त की रात को ११ बजकर ५९ मिनट से १२ बजकर ४४ मिनट तक रहेगा. वैसे गृहस्ती लोग पहले भी भगवान की पूजा कर लेते हैं तो उन्हें पूर्ण फल की प्राप्ति हो जाती है क्योंकि गृहस्थ धर्म निभाने वालों के सामने बच्चों का पालन पोषण सहित तमाम जिम्मेदारियां होती हैं भादो माह में ही भगवान श्रीकृष्ण ने रोहिणी नक्षत्र के वृष लग्न में जन्म लिया था. ३० अगस्त को रोहणी नक्षत्र व हर्षण योग रहेगा. देश भर के सभी कृष्ण मंदिरों में जन्माष्टमी विशेष धूमधाम के साथ मनाई जाती है. जन्माष्टमी के दिन अष्टमी और रोहिणी नक्षत्र एक साथ पड़ रहे हैं, इसे जयंती योग मानते हैं और इसलिए ये संयोग और बेहतर है. द्वापरयुग में जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था, तब भी जयंती योग पड़ा था. ज्योतिष शास्त्रमें बताया गया है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर राशि के अनुसार भगवान कृष्ण को भोग लगाने से कान्हा की कृपा बनी रहती है।

राशि अनुसार इस प्रकार लगाएं भोग और करें पूजन

मेष– इस दिन गाय को मीठी वस्तुएं खिलाकर श्रीकृष्ण भगवान का पूजन करें।

वृष– इस राशि वाले लोग दूध व दही से श्रीकृष्णजी का भोग लगाएं. सफेद रंग की किसी भी मिठाई का भोग भी चढ़ाएं।

मिथुन– गाय को हरी घास या पालक खिलाएं और मिश्री का भोग लगाकर श्रीकृष्णजी का पूजन करें।

कक– जन्म अष्टमी के दिन माखन मिश्री मिलाकर लड्डू गोपाल को भोग लगाकर प्रसाद का वितरण करें.

सिंह– जन्माष्टमी के दिन श्रीकृष्ण भगवान को पंच मेवा का भोग लगाकर पूजन करें. बेल का फल भी अर्पित करने से सभी मनोरथ पूर्ण होते हैं।

कन्या– इस राशि के लोग केसर मिश्रित दूध का भोग लगाकर श्रीकृष्णजी को अर्पित करें और गाय को रोटी खिलाएं.

तुला– भगवान श्रीकृष्ण को फलों का भोग लगाकर पूजन करें.और मावे से बनी मिठाई का भोग लगाएं।

वृश्चिक– इस राशि के लोग चीनी और मावा भरकर गाय को खिलाएं और केसरिया चावलों का भगवान को भोग लगाएं।

धनु– जन्माष्टमी के दिन बादाम के हलवे से केसर मिलाकर वासुदेव को भोग लगाकर पूजन करें।

मकर– शुद्ध आटे और घी से बनी पंजीरी श्री कृष्णजी का भोग लगाकर पूजन व अर्चना करें।

कुंभ– कृष्ण जी के पास गुलाब के फूल चढ़ाएं पीली बर्फी का भोग चढ़ाएं।

मीनख़ मीन राशि वाले प्रभु श्रीकृष्ण को कोई भी मीठा पदार्थ या केले का भोग लगाए।

मंत्रों की ध्वनि को यंत्रों में परिवर्तित कर जीवन की सभी समस्याओं के समाधान के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित ज्योतिषी आचार्य चंडी प्रसाद घिल्डियाल बताते हैं किश्री कृष्ण जन्माष्टमी की रात्रि यदि किसी के लिए विवाह संबंधी संतान संबंधी रोजगार संबंधी रोगों से मुक्त संबंधी और मृत्युंजय शिव यंत्र पूर्ण वैदिक और वैज्ञानिक पद्धति से सिद्ध किया जाता है तो उसका बहुत बड़ा असर होता है और यदि उस दिन से प्रारंभ कर आने वाली भाद्रपद मास की अमावस्या के दिन अथवा गणेश चतुर्थी के दिन यंत्र सिद्ध किया जाता है तो सभी कार्यों में सफलता प्राप्त होती है।

## 17 अगस्त को सूर्य बदलेगा राशि; खत्म होगा सूर्य-शनि का अशुभ योग, 16 सितंबर तक 4 राशियों के लिए अच्छा समय

17 अगस्त, मंगलवार को सूर्य अपनी राशि में यानी सिंह राशि में आ जाएगा। इससे सूर्य का शुभ प्रभाव और बढ़ जाएगा। इस राशि में ये ग्रह अगले महीने 16 सितंबर तक रहेगा। इस दौरान सभी राशियों पर सूर्य का असर पड़ेगा। सूर्य के सिंह राशि में आने से इसे सिंह संक्रांति कहा जाएगा।

**उत्तराखंड ज्योतिष रत्न आचार्य डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल बताते हैं कि–**

16 जुलाई से सूर्य कर्क राशि में है और अपने शत्रु ग्रह यानी शनि से दृष्टि संबंध बना रहा है। इस अशुभ योग के कारण कई लोग पिछले एक महीने से परेशान चल रहे हैं। लेकिन 17 अगस्त को सूर्य के राशि बदलने पर कई लोगों को इस अशुभ योग से राहत मिलने लगेगी। ग्रहों के राजा सूर्य के इस राशि परिवर्तन का 12 राशियों पर शुभ एवं अशुभ दोनों प्रकार का प्रभाव पड़ेगा क्योंकि सिंह राशि सूर्य की अपनी मूलत्रिकोण राशि है।

सूर्य के शुभ प्रभाव से मिथुन, तुला, वृश्चिक और मीन राशि वाले लोगों के जीवन में अच्छे बदलाव होने की संभावना है। वहीं वृष, कन्या और मकर राशि वाले लोगों को संभलकर रहना होगा। इनके अलावा मेष, कर्क, सिंह, धनु और कुंभ राशि वाले लोगों पर सूर्य का मिला–जुला असर रहेगा।

ज्योतिष में बड़े हस्ताक्षर डॉक्टर चंडी प्रसाद घिल्डियाल विश्लेषण करते हुए बताते हैं कि–

4 राशियों के लिए शुभ समय रहेगा जो निम्नलिखित हैं

**मिथुन:** सरकार से फायदा मिल सकता है। पारिवारिक जीवन अच्छा रहेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को सफलता मिल सकती है। मेहनत बढ़ेगी लेकिन सफलता के योग हैं। लेखन या मीडिया से जुड़े लोगों के लिए अच्छा समय रहेगा।

**तुला:** दोस्तों और भाइयों से मदद मिलेगी। नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले



लोगों के लिए अच्छा समय है। अधिकारियों से मदद मिल सकती है। आगे बढ़ने के मौके मिल सकते हैं। दांपत्य जीवन के लिए अच्छा समय है।

**वृश्चिक:** नौकरीपेशा लोगों के काम से अधिकारी खुश होंगे। नई जिम्मेदारी मिलेगी। कामकाज की तारीफ होगी। प्रॉपर्टी में फायदा मिलेगा। रुका हुआ पैसा मिल सकता है। सुख बढ़ेगा। बिजनेस में फायदा बढ़ सकता है।

**मीन:** सेहत के लिए अच्छा समय है। दुश्मनों पर जीत मिल सकती है। कोर्ट–कचहरी के कामों में सफलता मिल सकती है। मानसिक शांति मिलेगी। दूर स्थानों की यात्रा होने के योग बन रहे हैं। नौकरी या बिजनेस में बदलाव में सफलता के योग हैं।

**5 राशियों के लिए सामान्य समय रहेगा जो निम्नलिखित हैं–**

**मेष:** सूर्य के राशि बदलने से मेष राशि वाले लोगों की योजनाएं पूरी होंगी। फायदे वाला समय रहेगा। लेकिन लव लाइफ के लिए समय ठीक नहीं है। अनबन होने के योग बन रहे हैं। झूठे वादे करने से बचना होगा। नौकरीपेशा लोगों की योजनाएं पूरी होंगी। हर काम सावधानी से करना होगा। ऑफिस में होने वाली राजनीति से खुद को दूर रखना होगा।

**कर्क:** पारिवारिक जीवन के लिए समय शुभ रहेगा। आमदनी बढ़ सकती है। दांपत्य जीवन के लिए समय शुभ है। नौकरी और बिजनेस में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे। सेविंग खत्म हो सकती है। गुप्त बातें भी उजागर होने की आशंका है।

**सिंह:** लीडरशीप और मैनेजमेंट क्वालिटी बढ़ेगी। अधिकारियों से मदद मिलेगी। प्रमोशन के योग हैं। रोजमर्रा के कामों में सफलता मिलने के योग हैं। लेकिन दांपत्य जीवन में तनाव बढ़ सकता है। आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुके हुए और बड़े काम पूरे हो जाएंगे।

**धनु:** किस्मत का साथ मिलेगा। मेहनत का फायदा भी मिलेगा। भाइयों और दोस्तों से मदद मिल सकती है। मेहनत बढ़ेगी। नए काम शुरू होंगे और पूरे भी हो जाएंगे। भाइयों और दोस्तों से भी विवाद हो सकते हैं। सेहत अच्छी रहेगी।

**कुंभ:** दांपत्य जीवन के लिए समय ठीक नहीं है। पारिवारिक मामलों में विवाद हो सकता है। वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। सेहत में सुधार होने के योग हैं। रोजमर्रा के कामकाज समय से पूरे होंगे।

**3 राशियों के लिए अशुभ समय रहेगा**

**वृष:** सूर्य के प्रभाव से सरकारी प्रॉपर्टी से जुड़े विवाद होने की आशंका है। मानसिक तनाव और गुस्सा बढ़ सकता है। माता की सेहत को लेकर चिंता रहेगी। नौकरीपेशा और बिजनेस करने वाले लोगों के कामकाज में रुकावटें आने के योग बन रहे हैं।

**कन्या:** कामकाज में चुनौतियां बढ़ सकती हैं। फालतू खर्चा बढ़ने के योग हैं। आंखों से संबंधित परेशानी हो सकती है। वाहन चलाते समय सावधान रहना होगा। चोट लगने की आशंका है। आलस्य के कारण असफल हो सकते हैं।

**मकर:** दुश्मनों के कारण परेशान हो सकते हैं। रहने या कामकाज करने की जगह में बदलाव के योग हैं। जीवन में अनचाहे बदलाव हो सकते हैं। सेहत को लेकर सावधान रहना होगा। यात्राओं में नुकसान हो सकता है।

## उत्तराखंड की शान निर्माता / कहानीकार कनक चंद व निर्देशक शरद सिंह ठाकुर ने खोला फिल्म बाबा नीब करौरी महाराज का पहला कार्यालय

निर्माता और कहानीकार कनक चंद और निर्माता निर्देशक कहानीकार शरद सिंह ठाकुर द्वारा भवानी गंज रामपुर रोड में फिल्म बाबा नीब करौरी महाराज का पहला कार्यालय खोला गया है जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि श्री गजेंद्र सिंह बिष्ट जी व्यवस्थापक श्री भक्तिधाम नौकुचियाताल द्वारा किया गया। आज सुबह श्री मनीष चंद और कनक चंद जी ने गणेश पूजा की ततपश्चात सुंदर कांड और प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। सभी भक्तजन भंडारे में सम्मलित हुए। श्रीमती कनक चंद ने बताया कि यहाँ पर कार्यलय खुलने से उत्तराखंड फिल्म के कार्यो को करने में आसानी रहेंगी।



कनक चंद और फिल्म की टीम ने कुछ दिन पहले ही कैंचीधाम, भक्तिधाम, ऋषिकेश, देहरादून, वृन्दावन, आगरा,बाबा जन्मस्थली अकबरपुर, नीब करौरी धाम, प्रयागराज, लखनऊ आदि धामो में फिल्म पोस्टर को रिलीज किया। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी जी द्वारा भी पोस्टर को सार्वजनिक किया गया। और फिल्म को हर सम्भव सहायता देने का आश्वासन भी दिया।

कनक चन्द ने बताया कि यह यात्रा फिल्म और आध्यत्मिक दोनों रूप से उनके लिए अत्यंत आनंदकारी रही। सभी ने अपनी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। मुख्य अतिथि श्री गजेंद्र सिंह बिष्ट जी ने कहा कि भक्तिधाम अपना पूर्ण सहयोग देगा, क्योंकि यह विश्व के महान संत बाबा जी की फिल्म है इसलिए सभी को अपना आशीर्वाद और सहयोग करना चाहिये।

आज कैंचीधाम के प्रबंधक श्री विनोद जोशी जी ने इस खुशी के अवसर पर अपना आशीर्वाद, बाबा महाराज जी के चरणों के पुष्प और प्रसाद कनक चंद हेतु भिजवाया ताकि सभी भक्तों में वितरित हो सके। कनक चंद ने सभी भक्तो का,श्री आनंद आश्रम के स्टाफ और कार्यकर्ताओं का सहयोग करने के लिए धन्यवाद किया।

इस सुअवसर पर पंडित विपीन चन्द्र जोशी, श्री अखिल जोशी जी , तबला वादक श्री मोहन लाल गोस्वामी जी, श्री मनीष चंद जी, गायका गुँजन जोशी जी श्री संतोष कुमार सिंह जी,हरीश भाकुनी जी, डॉ लता काण्डपाल जी, जगदीश पांडेय जी, आसुतोष जी, आनन्द सिंह अधिकारी जी , हितेश सुयाल जी ,भावना बिष्ट , ममता देवाल , रोहित जोशी , यशोदा रावल, सुकृति सिंह , युग सिंह, आशा शुक्ला जी, डॉली अग्रवाल,डॉ. नीरज वार्ष्णेय जी उपस्थित थे।

कनक चंद का परिचय–

आज कनक चंद किसी भी परिचय की मोहताज नहीं हैं। कनक जी गरीब बेसहारा बुजुर्गो को पालने , मानवाधिकार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने से लेकर अब महान संत बाबा नीब करौरी महाराज पर फिल्म बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। जो कि बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

उत्तराखंड की बेटी कनक चंद बाबा नीब करौरी महाराज की फिल्म में भी बेहतरीन योगदान दे रही हैं।

कनक चंद जी निम्नलिखित पदों पर रह कर उनकी गरिमा बढ़ा रही हैं।

# प्रद्युमन अग्रवाल बने प्रदेश व्यापार मण्डल के जिला अध्यक्ष



हरिद्वार। प्रदेश व्यापार मण्डल की जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुए पदाधि कारियों की घोषित किए गए। प्रदेश अध्यक्ष संजीव चौधरी ने प्रैस क्लब में जिला कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए बताया कि नवगठित कार्यकारिणी में प्रद्युमन अग्रवाल जिघ्ला अध्यक्ष, विकास अग्रवाल महामंत्री, विकास अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष कामिल हसन तथा सुनील प्रजापति, पंकज सवन्नी, डा.फैजान अली, अशोक गिरि गंगाशरण चन्देरिया, इमरान खान, चौधरी वीर सिंह,परवेज आलम, (मंगलोर), विशाल वर्मा जिघ्ला प्रवक्ता, मोहम्मद असलम कोषाध्यक्ष, मोहमद असलम (मंगलोर), अरविन्द सैनी सचिव, देशराज, अनुज मित्तल, आदेश कर्णवाल व शालू चौधरी बनाए गए हैं। संजीव चौधरी ने कहा की आज व्यापारियों के एक ऐसे मंच की जरूरत है जो बिना राजनीति के रंग में रंगे केवल व्यापारी हितो की बात करे व कोरोंना काल में टूटे हुए व्यापारी के हक की लड़ाई को मजबूती से लड़ सके। उन्होंने कहा कि जहां अन्य व्यापार मण्डल नेताओं के रिमोट से संचालित होते हैं। वहीं प्रदेश व्यापार मण्डल लगातार व्यापारी हितों के लिए संघर्ष कर रहा है। संघर्ष की बदौलत प्रदेश व्यापार मण्डल प्रदेश का सबसे व्यापारिक संगठन बन चुका है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि सरकार जल्द से जल्द व्यापारियों के लिए आर्थिक पैकेज का ऐलान कर नकद राहत उपलब्ध कराए। यदि जल्द आर्थिक पैकेज जारी नहीं किया गया तो प्रदेश भर में आंदोलन का विगुल बजाया जाएगा। नवनियुक्त जिघ्ला अध्यक्ष प्रदूमन अग्रवाल ने कहा की पूरे जिले के व्यापारियों की पीड़ा को लेकर आवाज बुलंद आवाज करेंगे और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासन व सरकार के समक्ष जिस स्तर तक जाना पड़े या आन्दोलन करना पड़े पीछे नहीं हटेंगे। प्रैसवार्ता के दौरान प्रदेश अध्यक्ष अनुशासन समिति सुदीश सोतरिय, शहर अध्यक्ष ज्वालापुर सागर कुमार, संजीव कुमार, पुष्पेंद्र गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## यूकेडी परवादून के जिलाध्यक्ष बने संजय डोभाल

देहरादून। उत्तराखंड क्रांति दल का कुनबा प्रदेश में धीरे–धीरे अपने पैर पसार रहा है जो राष्ट्रीय पार्टियों के लिए यह चिंता का बड़ा कारण हो सकता है आपको बता दें कि आज सर्वसम्मति से यूकेडी के नए जिलाध्यक्ष( परवादून) से संजय डोभाल को जिला अध्यक्ष पद की कमान सौंपी गई एवं उन्हे जिला अध्यक्ष ( परवादून ) की पदवी से विभूषित किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष त्रिवेंद्र पवार ,केंद्रीय महामंत्री एवं चुनाव पर्यवेक्षक जय प्रकाश उपाध्याय, युवा नेता शिव प्रसाद सेमवाल ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष( परवादून) संजय डोभाल ने कहा कि प्रदेश के विकास के लिए क्षेत्रीय एकता को मजबूत करना होगा क्योंकि राष्ट्रीय पार्टिया सिर्फ राजनीति करती है। राष्ट्रीय पार्टियों का प्रदेश के विकास से कोई भी सरोकार नहीं है। इस अवसर पर पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष त्रिवेंद्र पवार, केंद्रीय महामंत्री जय प्रकाश उपाध्याय, पूर्व जिलध्यक्ष क्रेदपाल सिंह तोपवाल, धर्मवीर गुसाई ,सावित्री देवी, कमला देवी, लक्ष्मी नेगी, शशि बाला, संजू देवी, आदि वरिष्ठ सदस्य उपस्थित थे।

## देश के समग्र विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करे सरकार: श्रीमहंत सत्यगिरी

हरिद्वार। श्री पंच दशनाम आवाहन अखाड़े के राष्ट्रीय महामंत्री श्रीमहंत सत्यगिरी महाराज ने कहा है कि देश के समग्र विकास के लिए जनसंख्या नियंत्रण लागू होना चाहिए। बढ़ती जनसंख्या के करण लगातार देश को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। केंद्र सरकार जल्द से जल्द पूरे देश में कड़ा जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करे। प्रेस को जारी बयान में श्रीमहंत सत्यगिरी महाराज ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या देश के विकास में लगातार बाधक बन रही है। धनी आबादी के कारण बेरोजगारी, गरीबी, प्रदूषण, जंगलों का असीमित कटान लगातार बढ़ रहा है। जिसके संपूर्ण मानव जाति को भयंकर परिणाम भुगतने पड़ रहे हैं। मानव जाति को इससे सबक लेते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपना सहयोग प्रदान करना चाहिए। श्रीमहंत सत्यगिरी महाराज ने कहा कि बढ़ती आबादी के कारण ही दुनिया भर में तेल, प्राकृतिक गैस, ऊर्जा संसाधनों पर दबाव अत्यधिक बढ़ गया है जो भविष्य के लिए बड़े खतरे का संकेत है। जिस अनुपात में भारत में आबादी बढ़ रही है। उस अनुपात में उसके लिए भोजन, पानी, स्वास्थ्य, चिकित्सा इत्यादि सुविध ाओं की व्यवस्था करना किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है और अगर आबादी इसी प्रकार बढ़ती रही तो भूखमरी की समस्या एक बहुत बड़ी वैश्विक समस्या बन जाएगी। जिससे निपटना आसान नहीं होगा। इसलिए सरकार को जल्द से जल्द देश में जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या जहां समूचे विश्व के लिए गहन चिंता का विषय है। वहीं बढ़ती आबादी का सर्वाधिक चिंतनीय पहलू यह भी है कि जनसंख्या का सीधा प्रभाव पर्यावरण पर पड़ रहा है। इसलिए जनसंख्या वृद्धि पर नियंत्रण पाने के लिए कठोर और कारगर कदम जल्दी से जल्दी उठाने होंगे। ताकि देश की भावी पीढियां जनसंख्या विस्फोट के विनाशकारी दुष्परिणामों को भुगतने से बच सकें।

# चोरी के माल सहित तीन गिरफ्तार

हरिद्वार। रानीपुर कोतवाली पुलिस ने इलाके में हुई चोरी की दो वारदातों का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का सामान बरामद किया है। कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा ने बताया कि सुमन नगर गली नं.6 निवासी अतुल व शिवालिक नगर निवासी बुजुर्ग महिला बलजीत कौर के मकान में चोरी की वारदात को अंजाम को देते हुए चोरों ने एलईडी टीवी, स्टैंडिंग फैन, स्टार्टर, इंडक्शन आदि चोरी कर लिए थे। चोरी की दोनों घटनाओं के संबंध में मुकद्मा दर्ज करने के बाद चोरों की धरपकड़ के लिए गठित पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर सुमन नगर क्षेत्र में बंधा नंबर सात के पास एक निर्माणाधीन मकान में छापा मारकर तीन आरोपियो वसीम निवासी बंदा रोड नाला पार छप्पर वाली मस्जिद के पास रुड़की थाना कोतवाली सिविल लाइन रुड़की, सचिन निवासी ग्राम केलनपुर थाना कोतवाली सिविल लाइन रुड़की, अमित निवासी सुभानपुर थाना खेकड़ा जिला बागपत उत्तर प्रदेश हाल निवासी निकट श्री गणेश धर्म कांटा राजा बिस्कुट रावली महदूद थाना सिडकुल को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया




कि चोरी की वारदात को अंजाम देने से पहले उन्होंने दोनों घरों की निगरानी की। आधी रात को मकानों का ताला तोड़कर वे अंदर घुसे और चोरी कर फरार हो गए। आरोपियों के कब्जे से सिडकुल क्षेत्र की इंद्रलोक कालोनी से चोरी किए गए दो एलईडी टीवी, एक लैपटॉप, चार्जर तथा तीन मोबाइल फोन भी बरामद हुए हैं। आरोपियों ने बताया कि चोरी की घटना को अंजाम देने से पहले वे आवासीय कॉलोनियों में घूम घूम कर बंद मकानों को चिन्हित करते हैं। तीन चार दिन रेकी करने के बाद आधी रात के समय मकान का ताला तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देते हैं। चोरी करने के बाद चुराया गया सुमन नगर में निर्माणाधीन मकान में छिपाकर रखते थे। तीनों आरोपियों के खिलाफ रानीपुर कोतवाली व सिडकुल थाने में कई मुकद्मे दर्ज हैं। पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी कुंदन सिंह राणा, एसएसआई अनुरोध व्यास, औद्योगिक क्षेत्र चौकी प्रभारी एसआई प्रवीन रावत, कांस्टेबल संजय तोमर, महेन्द्र तोमर, संतराम चौहान व संदीप सेमवाल आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

# पूर्व मुख्य मंत्री और सांसद तीरथ सिंह ने सुनी कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात

गोपेश्घ्वर। पूर्व मुख्यमंत्री एवं गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठकर पीएम नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित मन की बात सुनीं। सांसद तीरथ सिंह रावत और भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट ने कहा कि पीएम मोदी के मन की बात से जीवन में सदैव कुछ नया करने और समाज तथा राष्ट्र के लिये बेहतर कार्य करने की प्रेरणा मिलती है ।सांसद तीरथ सिंह रावत ने चमोली भ्रमण के दूसरे दिन रविवार को जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर जन समस्याएं सुनीं । नन्दप्रयाग में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जन समस्याऐं भी जानी। अधिकारियों को फोन कर तत्काल समस्याओं का निदान करने के लिए दिये निर्देश दिये। भाजपा जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट ने यह जानकारी देते हुये बताया कि रावत ने चमोली बस स्टैंड पर दुकानों में लगी भीषण आगजनी फर दुख जताया और घटना स्थल का निरीक्षण किया और आर्थिक मदद का भरोसा दिलाया। गोपेश्वर के विकास नगर हल्दापानी में हो रहे भारी भूस्खलन क्षेत्र का भी गढ़वाल सांसद ने निरीक्षण किया। मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष रघुवीर सिंह बिष्ट ने कहा कि भाजपा का महामंत्र श्सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास के संकल्प भाजपा कार्यकर्ताओं के लिये जीवन मंत्र है। जिला प्रभारी विजय कपरवाण ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की असली रीढ़ बूथ का कार्यकर्ता ही है। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष रघुबीर सिंह बिष्ट, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष गजेंद्र सिंह रावत, जिला महामंत्री समीर मिश्रा, कुंवर सिंह कंडेरी, हरेंद्र सिंह रावत . प्रमोद सती बूथ पालक विक्रम सिंह रौतेला ,नगर पंचायत अध्यक्ष डाक्टर हिमानी वैष्णव हिमानी वैष्णव ,राकेश कुमार डिमरी,भूपाल राम टम्टा, टीका मैखुरी, पूर्व एम एल एम अनिल नौटियाल . विनोद कुमार सिंह नेगी धीरेन्द्र सिंह भंडारी, नवीन नवानी , दमयंती रतूड़ी . अंजू बिष्ट आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे

## मुख्यमंत्री धामी ने किया नीरज चोपड़ा ग्लोरी क्रॉस कंट्री रन को फ्लैग ऑफ किया



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी पार्क से नीरज चोपड़ा ग्लोरी क्रॉस कंट्री रन को फ्लैग ऑफ किया। मुख्यमंत्री ने भी इसमें जॉगिंग करते हुए प्रतिभाग किया। इसका आयोजन राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर खेल विभाग उत्तराखण्ड और उत्तराखण्ड एथलेटिक्स संघ द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री ने हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद जी का स्मरण करते हुए खेल दिवस की बधाई दी । मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस प्रकार की नई खेल नीति लाएगी जिसमें खिलाडियों को तैयारी के लिए संसाधनों की कमी न रहे। राज्य सरकार की कोशिश है कि खिलाडियों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित किया जाए। अभावों के कारण खेल प्रतिभा दबी न रहे। आगे बढने के पूरे अवसर मिलें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दिनों ओलम्पिक में भारतीय खिलाडियों का प्रदर्शन हम सभी को गौरवान्वित करने वाला रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल भावना सर्वोपरि है। जीवन के हर क्षेत्र में स्पोर्ट्समैनशिप होनी चाहिये। जीवन में भी खेल की तरह कभी आगे बढते हैं कभी पीछे हटते हैं। जीवन में बहुत से अभावों का सामना करना पड़ता है। परन्तु अगर हम ठान लें और संकल्प लेकर प्रयास करें तो सफलता जरूर मिलती है। मेहनत करने से मंजिल मिलती है। अगर संकल्प लिया है तो दूसरे विकल्प के बारे में नहीं सोचना चाहिए। मन में उत्साह होना चाहिए। उत्साह है तो ऊर्जा है। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी, विधायक खजानदास, मेयर सुनील उनियाल गामा, खेल विभाग के अधिकारी, खिलाङी और खेल प्रेमी मौजूद थे।

# सीएम धामी ने दी यूपी के पूर्व सीएम स्व० कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि



देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राजस्थान के पूर्व राज्यपाल व उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय कल्याण सिंह जी को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदरणीय कल्याण सिंह जी का सम्पूर्ण जीवन भारत माता की सेवा में समर्पित रहा। उन्होंने हमेशा गरीबों, पिछड़ों, दलितों और वंचितों की लड़ाई लड़ी। उनका जीवन हम सभी के लिए अनुकरणीय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सभी के आराध्य प्रभु राम के लिए उन्होंने अपनी सरकार कुर्बान कर दी। उनका अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का सपना, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने साकार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कल्याण सिंह जी एक कुशल प्रशासक और लोकप्रिय नेता थे। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते भ्रष्टाचार मुक्त और भयमुक्त शासन दिया। आमजन में उनके प्रति बहुत लगाव था। उनके विचारों को अपने जीवन में उतारना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन कौशिक, संगठन महामंत्री अजय कुमार, प्रदेश महामंत्री कुलदीप कुमार, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, विधायक हरबंस कपूर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# गोदियाल ने की परिवर्तन यात्रा की तैयारियों की समीक्षा, धामी सरकार पर बोला हमला

देहरादून। विधानसभा सत्र स्थगित होते ही कांग्रेस ने तीन सितंबर से प्रस्तावित परिवर्तन यात्रा की तैयारी शुरू कर दी। शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने राजीव भवन में यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। गोदियाल ने सरकार की घोषणाओं पर एक बार फिर से सवाल उठाए हैं। यात्रा के रूट और व्यवस्थाओं को लेकर जसपुर विधायक आदेश चौहान और प्रदेश उपाध्यक्ष-संगठन पृथ्वीपाल सिंह चौहान के साथ विस्तार से रणनीति पर चर्चा की। यूएसनगर और नैनीताल के पदाधिकारियों के साथ फोन पर भी बात की। गोदियाल ने कहा कि तीन सितबर को खटीमा में राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि देने के साथ यात्रा को आरंभ किया जाएगा। तीन से छह सितंबर तक खटीमा, नानकमत्ता, सितारगंज, किच्छा, लालकुआं, हल्द्वानी, कालाढुंगी, रामनगर, जसपुर, काशीपुर, बाजपुर, गदरपुर, रुद्रपुर में विभिन्न स्थानों पर जनसभाएं भी की जाएंगी।घर में नहीं हैं दाने और अम्मा चली भुनाने: गोदियाल गोदियाल ने सरकार की घोषणाओं पर भी सवाल उठाए। कहा कि एक पुरानी कहावत है, घर में नहीं हैं दाने और अम्मा चली भुनाने। राज्य की वित्तीय स्थिति किसी से छिपी नहीं है। कर्मचारियों का वेतन देने के लिए भी सरकार को कर्ज लेना पड़ रहा है। साढ़े चार साल तक सत्ता में रहते हुए भाजपा ने राज्य का राजस्व बढ़ाने की कभी परवाह नहीं की। यदि राजस्व पर ध्यान दिया जाता तो ये घोषणाएं चुनाव के वक्त न करनी पड़ती। अब जनता सब समझ रही है। घोषणाओं की हकीकत क्या है जनता को सब पता है। कोई सरकार के झांसे में नहीं आने वाला। आधारहीन घोषणाओं का हवाई गुब्बारा जल्द ही फूट जाएगा। विधानसभा सत्र के दौरान कांग्रेस की टीम के प्रदर्शन की पूर्व सीएम और गोदियाल ने खुलकर तारीफ की। रावत ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह और कांग्रेस के सभी विधायकों ने सदन में जनहित के मुद्दों को जोरदार तरीके से उठाया। कांग्रेस ने सदन से सड़क तक सरकार की बेरोजगारी, मंहगाई, भ्रष्टाचार के साथ ही राज्य आंदोलनकारियों, शिक्षक, कर्मचारी, अस्थायी कर्मचारियों के मुद्दों पर सरकार को घेरा।यूथ कांग्रेस ने भी बेरोजगारी के सवाल पर विस पर ऐतिहासिक प्रदर्शन किया। बकौल रावत, अब राज्य में परिवर्तन की लहर चल रही है, कांग्रेस इस परिवर्तन के संदेश को लेकर जनता तक जायेगी। गोदियाल ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष के अनुभवी नेतृत्व में पूरी टीम ने सरकार को नाकों चने चबवा दिए। हर मुद्दे पर सरकार को बेनकाब किया।

कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश कार्यकारिणी घोषित: कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग की प्रदेश की कार्यकारिणी में 78 महासचिव और सचिव होंगें। उपाध्यक्ष पद को समाप्त कर दिया गया है। इसकी जगह सात कोर्डिनेटर बनाए जाएंगे। शनिवार को विभाग की प्रदेश अध्यक्ष शिल्पी अरोड़ा ने प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की। उन्होंने बताया कि जल्द ही गढ़वाल, कुमाऊं के लिए दो कोर्डिनेटर नियुक्त किए जाएंगे। साथ ही हर लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर भी एक कोर्डिनेटर रहेगा। वर्तमान महासचिव औ सचिव में से ही उनका चयन किया जाएगा। शिल्पी ने बताया कि प्रदेश कार्यकारिणी को एआईसीसी के सोशल मीडिया विभाग अध्यक्ष रोहन गुप्ता, प्रदेश प्रभारी सरल पटेल और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल की मंजूरी के बाद जारी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी में 37 प्रदेश महासचिव बनाए गए हैं। जबकि सचिवों की संख्या 41 होगी।

# दुर्लभ प्रजाति के कछुए की तस्करी में हरियाणा के चार लोग गिरफ्तार



ऋषिकेश। उत्तराखंड के देहरादून जिले के डोईवाला में दुर्लभ प्रजाति के कछुए के साथ डोईवाला पुलिस ने हरियाणा के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिन पर वन्य संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेशकर जेल भेज दिया है। डोईवाला कोतवाली पुलिस के अनुसार शुक्रवार देर रात लालतप्पड़ चौकी पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस बीच हरिद्वार की तरफ से आ रही कार चालक को चेकिंग के लिए रोक लिया। कार में चार लोग सवार थे। उनसे पूछताछ की तो वे पुलिस को संतोषजनक जबाव नहीं दे पाए। साथ ही उनके पास से एक दुर्लभ प्रजाति का कछुआ भी मिला। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने बताया पूजा-पाठ करने के लिए कछुए को लाया गया है। कोतवाली वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजविक्रम सिंह पंवार ने बताया कि आरोपियों की पहचान रोहित पुत्र नेत्रपाल सिंह निवासी एफ/2 भीम सैनी कॉलोनी बल्लभगढ़, फरीदाबाद, गोविंद निवासी सिकंदरपुर थाना खेड़ी सितौला, जिला गुरूग्राम, प्रहलाद कुमार पुत्र गणेश कुमार निवासी शाहपुरा, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, धरम वीर पुत्र जयपाल निवासी ग्राम ठोरका, हयातपुर, गुरूग्राम, हरियाणा के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ वन्य संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया है। कोर्ट में पेश करने के बाद सभी आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। रुपयों की चाह में फंसे ये लोग पुलिस के अनुसार पकड़ गए लोगों ने बताया कि कछुए को उनके यहां शुभ माना जाता है। इसकी पूजा करने से धन दौलत की प्राप्ति होती है। लिहाजा फरीदाबाद से हरिद्वार पहुंचे। वहां पर गंगा में स्नान किया। उसके बाद वे जंगल में पूजा पाठ करने के लिए लालतप्पड़ पहुंच गए। पुलिस ने बताया पकड़ गए युवक बेरोजगार हैं। अंध विश्वास के चलते वे फंस गए।

# सैनी समाज ने फूंका सरकार का पुतला



हरिद्वार। यूपी के पूर्व कैबिनेट मंत्री साहब सिंह सैनी के नेतृत्व में सैनी समाज के लोगो ने राज्य सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और सरकार पुतला दहन किया। भगत सिंह चौक पर एकत्र हुए सैनी समाज के लोग प्रदर्शन करते हुए चंद्राचार्य चौक पहुंचे और प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला फूंका। प्रदर्शन के दौरान साहब सिंह सैनी ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी भाजपा के नेताओं के दबाव में पुलिस ने समाज के लोगों पर मुकदमा दर्ज किए हैं। हरिद्वार सहित पूरे प्रदेश में राजनीतिक और अन्य कार्यक्रमों में भारी भीड़ उमड़ रही है। जिनमें कोरोना गाइडलाइंस की धज्जियां उड़ाई जा रही है। लेकिन सैनी समाज के सामाजिक कार्यक्रम में समाज हित के मुद्दों पर एकत्र हुए लोगों पर राजनीतिक द्वेष के चलते मुकद्मे दर्ज कर दिए गए। साहब सिंह सैनी ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द मुकदमें वापस न लिए गए तो गांव गांव में सरकार के खिलाफ मुहिम चलायी जाएगी और पुतले दहन किए जाएंगे। राजकुमार सैनी ने कहा कि पिछले दिनों में फेरूपर में सैनी समाज की ओर से सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन करने पर राजनीतिक लोगों के दबाव में समाज के लोगों के खिलाफ पुलिस में जबरदस्ती मुकदमे दर्ज कर दिए गए।। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सैनी समाज के साथ भेदभाव किया जा रहा है। यदि जल्द मुकदमे वापस नहीं लिए गए तो सरकार के खिलाफ आंदोलन शुरू किया जाएगा। इस दौरान ब्रहमपाल सैनी, शुभम सैनी, योगेश सैनी, जगपाल सिंह सैनी, डा.धूम सिंह और यशवंत सैनी समेत सैनी समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री ने किया लोकेन्द्र कैंतुरा के गीत का विमोचन

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को विधानसभा में लोकेन्द्र कैंतुरा द्वारा भोले जी महाराज एवं माता मंगला पर निर्मित एवं गाये गीत का विमोचन किया। इस अवसर पर पद्मश्री बसंती बिष्ट भी उपस्थित रही। मुख्यमंत्री ने कैंतुरा के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि भोले जी महाराज एवं माता मंगला द्वारा हंस फाउण्डेशन के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा, के साथ ही समाज के गरीब वर्गो के कल्याण का भी कार्य किया जा रहा है। उन्होने कहा कि समाज को नई दिशा देने वाले समाज सेवियों के कार्यों को समाज के समक्ष लाना निश्चित रूप से सराहनीय प्रयास है। लोकेन्द्र कैंतुरा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माता मंगला एवं भोले जी महाराज का जनमानस की उनके द्वारा की जा रही सेवा को इस गीत के माध्यम से समाज के सामने लाने का उनका प्रयास है।

# विस अध्यक्ष ने शहरी विकास मंत्री के समक्ष रखी होटल व्यवसायियों की समस्या

ऋषिकेश। विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने शहरी विकास मंत्री के समक्ष होटल व्यवसायियों की मांगों को उठाया है। उन्होंने होटल व्यवसायियों को पूर्व की भांति भवनकर जमा करने की मांग की। शनिवार को बैराज स्थित कैंप कार्यालय में विस अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने शहरी विकास मंत्री बंशीधर भगत से मामले में चर्चा की। विस अध्यक्ष ने कहा कि होटल व्यवसाय पर बेतहाशा बढ़ाये जा रहे भवनकर से लोग परेशान हैं। बीते डेढ़ साल से कोरोना महामारी के चलते होटल व्यवसाय चौपट हैं। ऐसे में होटलो पर बढ़ाए गए भवन कर देने में व्यवसायी अक्षम है। नगर निगम द्वारा ऋषिकेश स्थित होटलों को वर्ष 2019-20 व 2020-21 के भवनकर को बेतहाशा बढ़ा दिया गया है। 2018-19 में उक्त भवन कर मात्र 25 हजार रुपये लगभग था जो अब बढ़ाकर 4 लाख रुपये कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि होटल व्यवासियों को पूर्व की भांति ही भवन कर जमा करने दिया जाए। शहरी विकास मंत्री बंशीधर भगत ने इस मामले पर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान होटल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने शहरी विकास मंत्री को ज्ञापन भी सौंपा। मौके पर होटल एसोसिएशन ऋषिकेश के अध्यक्ष मदन गोपाल नागपाल, महामंत्री भगवती प्रसाद रतूड़ी, संजीव गोयल, अंशुल अरोड़ा, अमर बेलवाल, राजीव शर्मा, सागर तनेजा, राकेश गुप्ता, अमित उप्पल, आनंद रावत आदि उपस्थित थे।

# संक्षिप्त समाचार

## खेल दिवस पर हुआ मानकसिद्ध एकेडमी ने किया दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन

विकासनगर। मेजर ध्यानचंद की जयंती पर मानकसिद्ध एकेडमी की ओर से कारबारी ग्रांट में दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें धावकों ने दौड़ लगाकर नशा मुक्ति का संदेश दिया। रविवार सुबह कारबारी गांट में आयोजित दौड़ प्रतियोगिता का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नवीन ठाकुर, क्षेत्रीय विधायक सहदेव सिंह पुंडीर और एकेडमी के प्रबंधक प्रवीण पुरोहित ने हॉकी के जादूगर मेजर ध्यान चंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किये। उन्होंने मेजर ध्यान चंद के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने की बात भी कही। इसके बाद अंडर 14, अंडर 18 और ओपन वर्ग में युवाओं ने दौड़ प्रतियोगिता में अपना दम दिखाया। अंडर 14 वर्ग में सुजल तोमर ने प्रथम, तुषार पंवार ने द्वितीय और आदित्य ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 18 वर्ग में हिमांशु ने प्रथम, ऋषभ ने द्वितीय और अर्जुन ने तृतीय स्थान कब्जाया। वहीं, ओपन वर्ग में सुशील सिंह प्रथम, भारत द्वितीय और अंशुल तृतीय रहे। जबकि, बालिका वर्ग में करिश्मा प्रथम, पल्लवी द्वितीय और हिमांशी तृतीय रहीं। विजेताओं को मुख्य अतिथियों ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। इस दौरान एकेडमी की ओर से मुख्य अतिथियों को भी शॉल भेंट कर सम्मानित किया गया।

## भोजनमाताओं का प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

विकासनगर। मानदेय बढ़ाने की मांग को लेकर रविवार को भोजनमाताओं ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय हरबर्टपुर में प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना देकर प्रदर्शन किया। भोजनमाताओं का कहना है कि सरकार हर बार मानदेय बढ़ाने को लेकर उन्हें कोरा आश्वासन देती है, जिससे वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रही हैं। धरना दे रही भोजनमाताओं का नेतृत्व कर रही भोजनमाता संगठन की प्रदेश अध्यक्ष उषा देवी ने कहा कि जुलाई माह में शिक्षा मंत्री ने परियोजना निदेशक को भोजनमाता को पांच हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय दिए जाने के निर्देश दिए थे, लेकिन एक माह बीत जाने के बावजूद इस आशय का शासनादेश जारी नहीं हुआ है। कहा कि करीब पंद्रह वर्ष से सरकारी विद्यालयों में सेवा देने के बावजूद उन्हें अभी तक मात्र दो हजार रुपए प्रतिमाह ही मानदेय दिया जा रहा है, जिससे उन्हें परिवार के पालन पोषण में आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कहा कि पिछले साल कोविड संक्रमण से पहले भोजनमाता संगठन ने तीन माह तक धरना प्रदर्शन किया। बावजूद इसके सरकार उनकी समस्याओं की ध्यान नहीं दे रही है। कहा कि प्रदेश सरकार मानदेय बढ़ाने के बजाय उनके काम बढ़ा रही है। अब भोजनमाता को विद्यालयों में भोजन बनाने के साथ ही साफ सफाई, किचन गार्डन का काम भी दिया जा रहा है। कहा कि महिला सशक्तिकरण का दावा करने वाली सरकार अपने अधीन काम करने वाली महिलाओं का ही आर्थिक शोषण कर रही है। सरकारी विभाग में ही उन्हें श्रम कानून के मानक से बेहद कम मानदेय दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानदेय नहीं बढ़ाए जाने पर जल्द आंदोलन शुरू किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में माधुरी तोमर, सुनीता, संसारवती, पूनम, मालवती, निर्मला, मुमताज, हेमलता, मनोज, जमुना देवी, बबीता, रेखा, उमा पाल, शकुंतला, यशोदा, मधु आदि शामिल रहे।

## विहिप और बजरंग दल ने मनाया स्थापना दिवस

विकासनगर। विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने स्थापना दिवस कार्यक्रम हर्षोल्लास से मनाया। इसमें कार्यकर्ताओं ने परिषद संस्थापकों का स्मरण करते हुए हिन्दू एकता, जागृति और धर्म की रक्षा का संकल्प लिया। रविवार सुबह नगर क्षेत्र स्थित दल परिषद कार्यालय पर आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभु श्री कृष्ण के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। नगर समरसता प्रमुख रमेश ढोंढियाल ने कार्यकर्ताओं को परिषद के गठन की जानकारी देते हुए धर्म की रक्षा का संकल्प दिलाया। नगर अध्यक्ष हर्षदीप गुप्ता ने बजरंग दल में नव नियुक्त जिला सह संयोजक शेखर बंसल का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए परिषद के उद्देश्यों पर खरे उतरने की अपील की। इस मौके पर सुरेन्द्र नेगी, सुमित तोमर, रमेश, प्रदीप त्यागी, लोकेश सैनी, शिवम पटेल, संजू शर्मा, तुषार श्रीवास्तव, नाथीराम, रविंद्र भंडारी, सुभाष शाह, विकास, अमन, सावन, कार्तिक आदि मौजूद रहे।

## किसानों को दी कृषि की नई तकनीक की जानकारी

विकासनगर। उत्तराखंड विकेंद्रीकृत जलागम विकास परियोजना के कालसी और चकराता ब्लॉक के किसानों को कृषि की नई तकनीक की जानकारी देने के साथ ही स्क्रैप आयरन से बने हुए सौ आधुनिक हल वितरित किए। परियोजना के उप निदेशक सिद्धार्थ श्रीवास्तव ने ग्रामीणों को बताया कि उत्पादन को बढ़ाने के लिए परंपरागत खेती में बदलाव किया जाना जरूरी है। नई तकनीक से कृषि और बागवानी करने पर गांव आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ सकते हैं। उन्होंने बताया कि यह जरूरी नहीं है कि नई तकनीक के लिए रसायनों का उपयोग किया जाए। जैविक खेती के माध्यम से उत्पादन को बढ़ाया जा सकता है। इससे मानव शरीर स्वस्थ रहने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। किसानों को स्क्रैप आयरन से बने हल वितरित करते हुए उन्होंने बताया कि इस हल के उपयोग से हल बनाने के लिए उपयोग में लाई जाने वाली लकड़ी बचेगी, जिससे पेड़ों का पातन कम होगा। इस दौरान एसडीओ जगमोहन सिंह रावत, परम सिंह, विजयपाल चौहान, युद्धवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, अमित, सरदार सिंह आदि मौजूद रहे।

## निशुल्क नेत्र जांच शिविर में 275 रोगियों की जांच

विकासनगर। जगतबंधु सेवा ट्रस्ट और हम और हमारा भारत फाउंडेशन की ओर से चंद्रबनी में निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 275 रोगियों की जांच कर आंखों की देखभाल सम्बंधी परामर्श दिए। रविवार सुबह गैलेक्सीयन इंटरनेशनल स्कूल, चंद्रबनी चौयला में आयोजित शिविर का शुभारम्भ स्कूल के डॉयरेक्टर मयंक सिंह और जगतबंधु सेवा ट्रस्ट के संस्थापक सुमित प्रजापति ने किया। शिविर में आए लोगों को सम्बोधित करते हुए

# राजकीय वाहन चालक महासंघ की नई कार्यकारिणी गठित

## जगवीर रौथाण अध्यक्ष व राकेश बने जिलामंत्री



पौड़ी। राजकीय वाहन चालक महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन आयोजित किया गया। अधिवेशन में वाहन चालकों की कई समस्याओं पर चर्चा की गई। इस दौरान महासंघ की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्व समिति से जगवीर सिंह रौथाण अध्यक्ष व राकेश कुमार को जिला मंत्री चुना गया। रविवार को सीएमओ कार्यालय परिसर सभागार में आयोजित द्विवार्षिक अधिवेशन की अध्यक्षता पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन के अध्यक्ष सोहन सिंह रावत ने की। इस दौरान वाहन चालकों का कहना था कि लंबे समय से वेतन विसंगति दूर किए जाने सहित विभिन्न मांगों को लेकर शासन-प्रशासन से मांग की जा रही है लेकिन उनकी समस्याओं पर कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। जिससे उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने एक स्वर में वाहन चालकों की समस्याओं के निराकरण की गुहार भी सरकार से की। चुनाव अधिकारी सोहन सिंह रावत, रेवनी नंदन डंगवाल, विनय थपलियाल, विजय लाल की देखरेख महासंघ का निर्विरोध गठन किया गया। जिसमें जगवीर सिंह रौथाण को अध्यक्ष, वीरेंद्र सिंह नेगी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धिरेंद्र सिंह को उपाध्यक्ष, राकेश कुमार को जिला मंत्री, गोविंद सिंह को कोषाध्यक्ष, रमेश चंद्र को संगठन मंत्री चुना गया। इसके अलावा त्रिलोक सिंह वरिष्ठ सलाकार, वासुदेव संयुक्त मंत्री, अनिल नेगी को प्रवक्ता, कुलवंत सिंह को संरक्षक चुना गया। बाद में अध्यक्षता कर रहे सोहन सिंह रावत ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। नव नियुक्त अध्यक्ष जगवीर सिंह ने सभी से संगठन की मजबूती और समस्याओं के निराकरण के लिए आगे आने का आह्वान किया।

# अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज

पौड़ी। पौड़ी कोतवाली क्षेत्र के सिवाल गांव में बीती 22 अगस्त को घर के आंगन में एक युवक अचेत अवस्था में मिला। परिजन उसे उपचार के लिए सीएचसी नौगांवखाल ले गए, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब मृतक युवक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। कोतवाल पौड़ी विनोद गुंसाई ने बताया कि सिंवाल गांव निवासी हरीश चंद्र का 19 वर्षीय बेटा सौरभ 22 अगस्त को रक्षाबंधन का पर्व मनाने के बाद दोस्तों के साथ गया था। लेकिन शाम को घर पहुंचने के बाद सौरभ ने बहन को अपना मोबाइल दिया और कुछ देर बाद परिजनों को वह घर के आंगन में अचेत अवस्था में गिरा मिला। जिसे पिता हरीश चंद्र व परिजन उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांवखाल ले गए। वहां डाक्टरों ने सौरभ को मृत घोषित कर दिया। इसके बाद राजस्व पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पौड़ी भेजा। बीते शनिवार को मृतक युवक के पिता हरीश चंद्र ने कोतवाली पौड़ी पहुंचकर बेटे की मौत मारपीट के बाद चोट लगने से होने की शिकायत की। कोतवाल ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में मुकदमा दर्ज कर चौकी प्रभारी पाबौ सूरत शर्मा को जांच सौंप दी है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो पाएगी।

## सतपुली में पुलिस ने चलाया सत्यापन अभियान

पौड़ी। एसएसपी पौड़ी पी रेणुका देवी द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में बाहरी राज्यों, जिलों के मजदूर, फड़ रेड़ी चलाने वालों, किरायेदारों के सत्यापन करने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत थाना सतपुली द्वारा रविवार को विकास मोहल्ला, बांघाट रोड में घर-घर जाकर सत्यापन अभियान चलाया गया। जहां पर पुलिस टीम के द्वारा थाना क्षेत्र में रह रहे बाहरी राज्यों और मजदूरों का सत्यापन किया गया। साथ ही मकान मालिकों को सत्यापन फार्म भी दिए गए। थानाध्यक्ष सन्तोष पैंथवाल ने बताया की सुरक्षा की दृष्टि से उत्तराखंड पुलिस एक्ट में मकान मालिक को अपने घरेलू नौकर ओर किरायेदार का सत्यापन करना अनिवार्य हैं। साथ ही उन्होंने बताया की मकान मालिक और ठेकेदार को अपने किरायेदार व मजदूरों के सत्यापन फार्म को भरकर थाने में जमा कर देना होगा, जिससे पुलिस के पास उनका विवरण उपलब्ध हो सके, और ऐसे लोगो का वेरिफिकेशन उनके गृह क्षेत्र से किया जा सके। बताया की यदि कोई मकान मालिक और ठेकेदार ऐसे लोगो का सत्यापन नही कराते हैं तो उनके विरुद्ध पुलिस एक्ट के तहत कानूनी कार्यवाही की जाएगी। अभियान में कांस्टेबल कुलदीप, तेज सिंह, अरुण, गजेंद्र, देशराज शामिल रहे।

## स्वतंत्रता आंदोलन में नाटकों की महत्वपूर्ण भूमिका पर वेबिनार आयोजित किया

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय के बिड़ला परिसर राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में नाटकों की भूमिका विषय पर वेबिनार आयोजित किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्या वक्ता लोक कला संस्कृति विभाग गढ़वाल विश्वविधलय के डॉ. अजीत पंवार ने कहा प्राचीनकाल से ही समाज को जागरूक और समृद्ध करने में नाटक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते आ रहे हैं। कहा वेदों में उल्लेख मिलता है कि ब्रह्मा ने चार वेदों को मिलाकर एक पंचम वेद नाट्यशाला की रचना की। यह पंचम वेद आज विभिन नाट्य रूपों में दिखाई दे रहा है। डा. पंवार ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में भी कई नाटककारों ने कई आंदोलित नाटक लिखकर आजादी की लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान दिया। साल 1860 में दीनबंधु मित्र ने नीलदर्पण नाटक लिखकर स्वतंत्रता आंदोलन में नई क्रांति पैदा कर दी। इस नाटक का प्रभाव इंग्लैंड तक पड़ा। कहा 1876 में अंग्रेजो द्वारा नाट्य प्रदर्शन नियंत्रण अधिनियम लागू किया गया। कार्यक्रम अध्यक्ष एवं विवि राष्ट्रीय सेवा योजना समन्वयक प्रो. ओके बेलवाल ने आजादी के आंदोलन में नाटकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा तत्कालीन नाटकों एवं गीतों के माध्यम से लोगो में जन जागृति पैदा की गई। कहा देश में स्वतंत्रता की अलख जगाने में जन जागरण हेतु ये नाटक मील के पत्थर साबित हुए।

## महंगाई पर कांग्रेसियों का सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

श्रीनगर गढ़वाल। सरकार जवाब दो यात्रा के तहत पूर्व कैबिनेट मंत्री, मंत्री प्रसाद नैथानी ने पौड़ीखाल पट्टी के जगधार में जनता व कांग्रेसियों के साथ सरकार के खिलाफ महंगाई पर हमला बोला। नैथानी एवं कांग्रेसियों ने रस्सी के सहारे टैक्सी को खींच कर पेट्रोल के बढ़े दाम पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। कहा कि पेट्रोल के दाम बढने से जहां वाहन चालक परेशान है तो बढ़ते सवारी किराये के कारण आज आम जनता पैदल चलने को मजबूर है। उन्होंने कहा कि मंहगाई के कारण आज डबल इंजन की सरकार ने जनता की कमर तोड़ दी है। जगधार में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री, मंत्री प्रसाद नैथानी ने कहा कि कोटेश्वर-झंडीधार पंपिग योजना कांग्रेस शासन में बनी थी, किंतु आज ऐसे स्थिति है कि योजना पर खराबी आने पर भाजपा शासन में बजट नहीं है। 15 दिनों से क्षेत्र में पानी नहीं आ पा रहा था। जबकि हैंडपंप जो खराब हो गये उन्हें ठीक तक नहीं किया जा रहा है। जबकि गांवों में झूलते बिजली के तार आज दुर्घटना का कारण बने हुए है। इंटरकॉलेजों में शिक्षा व्यवस्था को बुरा है। नैथानी ने कहा कि एक ओर सरकार ने मंहगाई कर जनता को परेशान है तो दूसरी ओर मूलभूत सुविधाएं जो सरकार ने देनी है, उनसे भी जनता को दूर किया है। उन्होंने लोगों से आगामी विस चुनाव में भाजपा को सबक सिखाने तथा सत्ता से बेदखल करने का आह्वान किया। प्रदर्शन में केशवानंद डंगवाल, पूर्व प्रधानाचार्य गोविंद प्रसाद डंगवाल, पूर्णानंद चमोली, कुंदन बिष्ट, कमलजीत, महावीर सिंह, राजेन्द्र भंडारी, उत्तम सिंह असवाल, रामलाल नौटियाल सहित बड़ी संख्या में जनता मौजूद थी।

# संक्षिप्त समाचार

## धर्म परिवर्तन कराने की शिकायत की

रुडकी। रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मलकपुर गांव में कुछ लोग सभा करके लोगों को धर्म परिवर्तन करने के लिए उकसा रहे हैं। सूचना पर पुलिस गांव पहुंची और मकान में मौजूद लोगों को कोतवाली ले आई। पूछताछ में उन्होंने बताया कि हरचंदपुर से उनका रिश्तेदार युवक वहां आया हुआ था। धर्म परिवर्तन करने जैसी कोई बात नहीं है। इसके बाद पुलिस ने उन्हें चेतावनी देकर घर भेज दिया।

## धनौरी क्षेत्र में पूरा हुआ टीकाकरण का लक्ष्य

रुडकी। रविवार को भारतीय उत्थान परिषद संस्था की ओर से हरिओम सरस्वती इंटर कॉलेज धनौरी मे वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोगों की भीड़ देखने को मिली। शिविर मे 18 से 44 वर्ष की आयु के लोगों को वैक्सीन लगाई गई। इसके साथ विभागीय अधिकारियों के अनुसार धनौरी में टीकाकरण लक्ष्य भी लगभग पूरा हो चुका है। टीकाकरण शिविर का उद्घघाटन कॉलेज की सचिव सुमन देवी ने किया। संस्था के अध्यक्ष अंकित कुमार ने बताया कि संगठन द्वारा कोरोना काल मे भी गांव गांव जाकर मेडिसिन किट, मास्क व सेनेटाइजर का वितरण किया गया था। अब समय-समय पर विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाकर टीकाकरण का लक्ष्य को पूरा कराया जा रहा है। ईमलीखेड़ा सीएचसी प्रभारी डॉ. दिली रमन का कहना है कि धनौरी सर्किल में लगभग टीकाकरण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। क्षेत्र में बचे लोगों को मोबाइल टीम द्वारा घर घर जाकर वैक्सीन लगवाने के कार्य किया जाएगा। टीकाकरण टीम में एएनएम प्रीति गोला, सरिता, सीएचओ नेहा, उषा, ओम प्रकाश,अमन, बबिता, कंचन, अनिता, मीनाक्षी, सुमन, सरोज, शशि प्रभा, अनिता, रमेशो, मंजू, दीपाली आदि मौजूद रहे।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर किया दौड़ का आयोजन

रुडकी। क्षेत्र के गांव लाठरदेवा हुण में भारतीय खेल दिवस के अवसर पर मेजर ध्यानचंद की जयंती मनाते हुए दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार को प्रतियोगिता का आयोजन मिल्खा सिंह स्पोर्ट्स एकेडमी बुडपुर के तत्वधान में किया गया। जिसमें 800 तथा 1600 मीटर दौड़ के लिए अंडर 14 तथा ओपन ग्रुप के बालक तथा बालिकाओं ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी वीरेंद्र जाती ने रिबन काटकर किया। मौके पर वीरेंद्र जाती ने कहा कि गांव में एक से एक बढ़कर प्रतिभा छिपी हुई है इस तरह की खेल प्रतियोगिताएं समय-समय पर होती रहनी चाहिए, जिससे ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को खेल जगत में क्षेत्र और देश का नाम रोशन करने का अवसर मिलेगा। उन्होंने भारतीय खेल दिवस पर मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए खेल दिवस की शुभकामनाएं दी। निर्णायक एएफआई कोच सुशील आर्य ने बताया कि 800 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में अंडर 14 में प्रथम सोलित, द्वितीय दीपक सैनी, तृतीय तनिष्क त्यागी व 1600 मीटर दौड़ में महिला वर्ग में प्रथम अर्पिता सैनी,द्वितीय काजल, तृतीय मनीषा, पुरुष वर्ग में प्रथम एहसान, द्वितीय राहुल, तृतीय रॉकी ने स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में विजयी होने वाले और अच्छा प्रदर्शन करने वाले बालक बालिकाओं को प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर निर्णायक ब्रह्मपाल,आलोक द्विवेदी आदि मौजूद रहे।

## भाजयुमो के नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्य का किया स्वागत

रुडकी। रविवार को भाजपा युवा मोर्चा के नवनियुक्त कार्यकारिणी सदस्य रोहन सहगल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने रुड़की में स्वागत किया। रोहन सहगल ने कहा कि सभी युवा एकजुट होकर भाजपा के लिये बूथ स्तर पर कार्य करें। जिससे प्रदेश में फिर भाजपा सरकार बन सके। उन्होंने राष्ट्रीय व प्रदेश नेतृत्व का महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिये जाने के लिये आभार प्रकट किया। प्रदेश मंत्री सागर गोयल ने कहा आज विपक्ष भाजपा की नीतियों से बौखलाया हुआ है और दुष्प्रचार कर भाजपा को बदनाम करने का प्रयास कर रहा है। इस अवसर पर रुड़की मण्डल अध्यक्ष अभिषेक चंद्रा, पूर्व राज्यमंत्री शोभाराम प्रजापति, गौरव त्यागी, दीपक पांडेय, मोहित,नवनीत, विनोद गौतम, गौरव शर्मा, गोविंद बालियान, तरुण शर्मा, राजकमल पुंडीर, गोविंद पाल, आशीष पाल, जस्सी रोड, कमल सैनी, सुबोध त्यागी, संदीप चौधरी, सुशील चौधरी आदि उपस्थित थे।

## अघोषित विद्युत कटौती को लेकर उद्योग संगठनों ने की ऊर्जा मंत्री से मुलाकात

रुडकी। हरिद्वार जिले के उद्योग संगठनों ने बिजली कटौती को लेकर ऊर्जा मंत्री डा. हरक सिंह रावत से मुलाकात की। संगठन के पदाधिकारियों ने उन्हें बताया कि बिजली कटौती की वजह से उत्पादन पर असर पड़ रहा है। सिडकुल इंटरप्रूनेर वेलफेयर एसोसिएशन भगवानपुर इंडस्ट्रियल एसोसिएशन, बहादराबाद इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट वेलफेयर एसोसिएशन एवं रुड़की स्माल स्केल इंडस्ट्रियल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने ऊर्जा मंत्री डॉ. हरक सिंह रावत से मुलाकात की। उन्हें बताया कि वर्तमान समय में उद्योगों के सामने विद्युत विभाग द्वारा बिना बताए की जा रही विद्युत कटौती की जा रही है। इसका असर उद्योगों पर पड़ रहा है। विद्युत अनुपलब्धता से उद्योगों को हो रही समस्याओं एवं इससे उत्पन्न चुनौतियो से भी मंत्री को अवगत कराया। मंत्री ने तत्काल एमएल प्रसाद, डायरेक्टर आपरेशन यूपीसीएल एवं गौरव शर्मा चीफ इंजीनियर को फोन कर उनसे विद्युत समस्या के संबंध में विस्तार से चर्चा की। तुरत स्थिति को सामान्य करने का निर्देश दिए। उन्होंने इस समस्या को लेकर मुख्यमंत्री से बात करने और सरकार की और से अधिक मूल्य पर भी बिजली खरीदकर उद्योगों को सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति करने का आश्वासन दिया। बैठक में उद्योगों के प्रतिनिधि के रूप में हिमेश कपूर, आदर्श कालिया, केतन भारद्वाज, बीरेंद्र शुक्ला, अशोक शुक्ला, रंजीत टिबरेवाल, साधु राम सैनी, सुनील पांडे, सुखदेव सिंह विरदी, आत्मा सिंह, अरविंद गुप्ता, राघवेन्द्र शर्मा, अविनाश गोयल आदि शामिल रहे।

# भाजपा की सरकार निर्णय लेने वाली मजबूत सरकार : नरेश बंसल



रुडकी। राज्यसभा सांसद नरेश बसंल ने रुड़की में पत्रकार वार्ता में कहा कि कुछ पार्टियां जिनकी सत्ता में आने की कोई उम्मीद नहीं है वह झूठे वादे कर लोगों को लुभाने का काम कर रही है। लोग उनके झूठे वादों में आने वाले नहीं है। लोग मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ ले रहे हैं और प्रदेश में फिर से भाजपा सरकार पूर्ण बहुमत से वापसी करेगी। रुड़की में दिल्ली रोड स्थित होटल में पत्रकार वार्ता में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल ने कहा देश ने कोविड की पहली और दूसरी लहर का मजबूती से सामना किया। पहली लहर में देश पर कोविड से निपटने के लिए संसाधन नहीं थे लेकिन अब देश टीकों से लेकर अन्य सामग्री भी अन्य देशों को उपलब्ध करवा रहे हैं। यह मोदी सरकार के नेतृत्व में भी सम्भव हो पाया है। भाजपा की सरकार निर्णय लेने वाली मजबूत सरकार है। अब तक 60 करोड़ से अधिक लोगों का वैक्सिनेशन हो चुका है हमारा लक्ष्य है कि 31 दिसम्बर तक देश के शत प्रतिशत लोगों को वैक्सीन लगे। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री ने हाल ही में राहत पैकेज जारी किए। जिसका लाभ उन लोगों को मिल रहा है जो कोविड से प्रभावित थे। उन्होंने कहा कि 300 यूनिट का वादा करने वाली पार्टी के बहकावे में लोग आने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने जो योजनाएं लोगों के लिए लाई उनसे जनता संतुष्ट है। मेयर को नोटिस दिए जाने के मामले में उन्होंने कहा कि यह संगठन का मामला है उसे संगठन ही देखेगा। पहले उनके द्वारा पार्षदों और मेयर के विवाद को निपटने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि परिवार के सदस्यों के साथ बैठा तो जाता ही है। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषिपाल बालियान, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुशील त्यागी, प्रमोद चौधरी,गजेंद्र चौधरी, चंदन ठाकुर आदि लोग मौजूद रहे।

# हिंदू जागरण मंच की बैठक हुई



रुडकी। हिंदू जागरण मंच की बैठक नगर निगम सभागार में संपन्न हुई। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष नाथीराम सैनी, प्रदेश मंत्री सुभाष सैनी, हरिद्वार जिला युवा वाहिनी के जिलाध्यक्ष स्वतंत्र सैनी, विकास शर्मा, नवीन राजपूत, प्रभात सैनी व विजेंद्र सैनी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर बैठक का शुभारंभ किया। मौके पर रामपाल वैदिक ने युवाओं को नशे की लत से दूर रहने के लिए कहा व अपने धर्म के लिए जागरूक रहने के लिए कहा। स्वतंत्र सैनी ने कहा कि धर्म परिवर्तन व लव जिहाद रोकने के लिए हिंदू जागरण मंच से जुड़कर कार्य करें। नाथीराम सैनी ने कहा कि आज युवा नशे की तरफ बढ़ता जा रहा है। उन्होंने नशे के खिलाफ युवाओं से आंदोलन चलाने की बात कही और युवाओं को अपने देश और धर्म की रक्षा के लिए संकल्पबद्ध किया। प्रदेश मंत्री व रुड़की जिले के प्रभारी सुभाष सैनी ने कहा कि हमें संगठन की रीति नीति से चलकर संगठन को मजबूत करना है। हिंदू जागरण मंच का एक-एक कार्यकर्ता संगठन के लिए हिंदुत्व के लिए और सनातन धर्म के लिए काम करने के लिए वचनबद्ध है। बैठक में नवीन राजपूत, प्रभात सैनी, विजेंद्र सैनी, धर्मवीर सैनी, नाथीराम सैनी, सुभाष सैनी, भानु प्रताप सिंह, दीपक सैनी, रामपाल वैदिक, अभिषेक रोड, सौरभ सैनी, राजकुमार,धीरज, सचिन गिरी, मनोज पाल, विकास शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# देश व प्रदेश में भाजपा सरकार के चलते विकास कार्य ठप



रुडकी। कांग्रेस एक ऐसी पार्टी है जिसमें प्रत्येक जाति धर्म का विकास संभव है भाजपा देश को जाति धर्म के नाम पर बांट रही है। देश का विकास ठप होकर रह गया है। उक्त बातें गांव भक्तोवाली में कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व विधायक राजकुमार दलित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश में भाजपा सरकार के चलते विकास कार्य ठप होकर रह गए हैं। महंगाई अपनी चरम सीमा पर है डीजल, पेट्रोल महंगा होने से किसानों की कमर टूट गई है। गैस सिलेंडर 900 रुपये तक हो जाने से गरीब व दलित समाज पूर्व की भांति चूल्हे चौके पर आ गया है। दलित समाज का विकास कांग्रेस में ही निहित है। विधायक फुरकान अहमद ने कहा कि भाजपा राज्य के चलते किसान तबाह होकर रह गया है। प्रदेश सरकार अपनी नाकामी छिपाने के लिए तीन तीन मुख्यमंत्री बदल चुकी है। किसानों की आय दोगुना करने वाली भाजपा चंद उद्योगपतियों की आय दोगुना करने में लगी हुई है। दलित सम्मेलन की अध्यक्षता अभिषेक राकेश द्वारा की गई तथा संचालन चंदन सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुलेमान मलिक, राव बिलावर, अरविंद कुमार, सचिन, सुखविंदर वाल्मीकि, सपना वाल्मीकि, जगपाल, सुनील पेंगवाल, विकास, योगेश, रोहित, आशीष, सूरज, अमित, रविंदर आदि उपस्थित थे।

# अक्षय कुमार ने किया अपनी नई फिल्म सिंड्रेला का ऐलान



पिछले कई दिनों से यह चर्चा थी कि अक्षय कुमार एक साइको थ्रिलर फिल्म करने जा रहे हैं। सुनने में आ रहा था कि बेल बॉटम के बाद उन्होंने निर्माता वाशु भगनानी की दूसरी फिल्म भी साइन कर ली है। इस फिल्म का निर्देशन भी बेल बॉटम के निर्देशक रंजीत तिवारी करेंगे। फिल्म की शूटिंग को लेकर भी खबरें सामने आई थीं। हाल ही में अक्षय ने इस खबर पर अपनी मुहर लगाई।

रिपोर्ट के मुताबिक अक्षय ने कहा, मैं हमेशा से एक साइको थ्रिलर फिल्म करना चाहता था। मैं अब इस जॉनर की फिल्म का हिस्सा हूं और इसकी शूटिंग शुरू होने वाली है। फिल्म का नाम सिंड्रेला है। यह भी सच है कि फिल्म के निर्देशक रंजीत तिवारी हैं। उन्होंने कहा, हम जल्द ही शूटिंग के लिए लंदन रवाना होंगे। मैं ज्यादा कुछ नहीं बता सकता, लेकिन इतना जरूर कहूंगा कि फिल्म में सिंड्रेला का किरदार मैं नहीं निभा रहा हूं।

रिपोर्टों की मानें तो अक्षय के साथ इस फिल्म में अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह नजर आएंगी, वहीं, अभिनेता इसमें एक पुलिस वाले का किरदार निभाएंगे। इसमें अक्षय बच्चों का शोषण करने वाले एक रैकेट का भंडाफोड़ करेंगे, जिसका नाम सिंड्रेला है। अगस्त के तीसरे हफ्ते से बुडापेस्ट में शूट शुरू होगा, जहां अक्षय दो गानों की शूटिंग करेंगे। इसके बाद शूट लंदन में किया जाएगा, जहां फिल्म की शूटिंग लगभग ४५ से ५० दिनों तक चलेगी।

चर्चा है कि यह सुपरहिट तमिल फिल्म रतसासन का हिंदी रीमेक है। इस फिल्म को बेहतरीन साइको थ्रिलर फिल्म होने का तमगा मिला हुआ है। २०१८ में आई इस फिल्म में विष्णु विशाल, अमाला पॉल और मुनिष्कांत जैसे सितारों ने काम किया था। रत्सासन एक जबरदस्त फिल्म है, जिसकी कहानी एक ऐसे साइको किलर के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो बच्चियों को अपना शिकार बनाता है। वह इतना शातिर है कि हर बार पुलिस से बचकर निकल जाता है।

अक्षय फिल्म बच्चन पांडे में नजर आएंगे। वह फिल्म बेल बॉटम का भी हिस्सा हैं। अक्षय फिल्म रामसेतु से जुड़े हैं। वह फिल्म सूर्यवंशी को लेकर भी चर्चा में हैं, जिसमें कैटरीना कैफ के साथ उनकी जोड़ी बनी है। अक्षय फिल्म अतरंगी रे में दिखाई देंगे। वह पृथ्वीराज, हाउसफुल ५ और रक्षाबंधन जैसी फिल्मों का भी हिस्सा हैं। अक्षय फिल्म ओह माय गॉड २ में काम कर रहे हैं। वह प्रियदर्शन की फिल्म में भी काम कर रहे हैं।

# विजय, तापसी ने शेयर किया ऐनाबेले सेतुपति का फर्स्ट लुक

अभिनेता विजय सेतुपति और तापसी पन्नू ने अपनी अगली तमिल फिल्म ऐनाबेले सेतुपति का फर्स्ट लुक जारी किया है। हॉरर कॉमेडी का निर्देशन दीपक सुंदरराजन ने किया है।

फर्स्ट लुक में विजय शाही और तापसी का शानदार लुक देखा जा सकता है।

विजय ने अपने इंस्टाग्राम पर फर्स्ट लुक अपलोड किया और लिखा, ये रहा। ऐनाबेले सेतुपति का फर्स्ट लुक।

तापसी ने भी वही पोस्टर अपलोड कर लिखा, क्योंकि कभी-कभी एक जिंदगी सब कुछ देखने के लिए काफी नहीं होती।

ऐनाबेले सेतुपति में राधिका सरथकुमार और राजेंद्र प्रसाद भी हैं।



फिल्म, जिसे जयपुर में शूट किया गया था। वह डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर सीधा ओटीटी रिलीज होगा। यह १७ सितंबर को रिलीज होगी।

हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होने वाली इस फिल्म का नाम हिंदी में ऐनाबेले राठौर रखा गया है।

# हीरा मंडी में नजर आएंगी आलिया? भंसाली के साथ फ्री में काम करने को तैयार

निर्देशक संजय लीला भंसाली ने ना सिर्फ निर्देशक, बल्कि निर्माता और संगीत निर्देशक के तौर पर भी अपनी सिनेमाई समझ का परिचय दिया है। खूबसूरत कहानियों के जरिए बॉलीवुड में उन्होंने अपनी एक अमिट छाप छोड़ी है। शायद यही वजह है कि बॉलीवुड का हर छोटा-बड़ा कलाकार उनके विजन का हिस्सा बनना चाहता है। अब आलिया भट्ट को ही ले लीजिए, जो गंगूबाई काठियावाड़ी में भंसाली के साथ काम कर उनकी मुरीद हो गई हैं।



सूत्रों को मिली जानकारी के मुताबिक आलिया भट्ट ने संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज हीरा मंडी में काम करने की इच्छा जाहिर की थी। सूत्र ने बताया, आलिया ने भंसाली से कहा था कि किरदार चाहे कोई भी हो, चलेगा। वह हीरा मंडी में मुफ्त में काम करने को तैयार हैं। हालांकि, भंसाली ने आलिया के इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया और कहा कि उन्हें उनकी मार्केट वैल्यू के हिसाब से ही फीस दी जाएगी।

हीरा मंडी में सोनाक्षी सिन्हा और हुमा कुरैशी मुख्य भूमिका निभा रही हैं। इस वेब सीरीज में कुल सात एपिसोड हैं। इसके पहले एपिसोड का निर्देशन खुद भंसाली करेंगे और बाकी एपिसोड के निर्देशन की जिम्मेदारी विभु पुरी को दी गई है। इससे पहले भंसाली इस सीरीज में केवल प्रोड्यूसर की भूमिका निभाने वाले थे। हीरा मंडी भंसाली का ड्रीम प्रोजेक्ट है। आपको जानकर हैरानी होगी कि वह पिछले १२ सालों से इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं।

आलिया भट्ट ने पहली बार फिल्म गंगूबाई काठियावाड़ी में संजय लीला भंसाली के साथ काम किया है। यह फिल्म हुसैन जैदी की लिखी गई किताब माफिया चीन ऑफ मुंबई पर आधारित है। जैदी ने अपनी इस किताब में गुजरात के काठियावाड़ी की एक लड़की गंगा हरजीवनदास की जिंदगी के कई परतों को खोला है। इसमें उन्होंने कई झकझोर देने वाले हादसों का भी जिक्र किया है। इस फिल्म में आलिया ने गंगूबाई का किरदार निभाया है।

आलिया फिल्म आरआरआर से साउथ इंडस्ट्री में कदम रख रही हैं। उन्हें निर्देशक अयान मुखर्जी की फिल्म ब्रह्मास्त्र में रणबीर कपूर के साथ देखा जाएगा। आलिया करण जौहर की फिल्म तख्त में भी एक अहम भूमिका निभाएंगी। वह शाहरुख खान के होम प्रोडक्शन में बन रही फिल्म डार्लिंग्स का हिस्सा हैं। इससे पहले दोनों डियर जिंदगी में साथ काम कर चुके हैं। करण जौहर की रोमांटिक

# शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने गलतियां करने पर गुप्त पोस्ट साझा किए



अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने अपने व्यवसायी पति राज कुंद्रा को लेकर चल रहे विवाद के बीच सोशल मीडिया पर गलतियां करने के बारे में एक गुप्त संदेश पोस्ट किया है। राज कुंद्रा एक पोर्नोग्राफी रैकेट से कथित तौर पर जुड़े होने के आरोप में रडार पर आ गए हैं। उन्हें हाल ही में कई दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजा गया था।शिल्पा ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक किताब का अंश साझा किया।यह सोफिया लॉरेन के एक उद्धरण के साथ शुरू होता है, जिसमें लिखा है, गलतियां उस बकाए हिस्से की तरह हैं जिसे एक पूर्ण जीवन के लिए भुगतान करना होता है।इसके बाद नोट में लिखा था, हम इधर-उधर कुछ गलतियां किए बिना अपने जीवन को दिलचस्प नहीं बना सकते। हम आशा करते हैं कि वे खतरनाक गलतियां या गलतियां नहीं होंगी जो अन्य लोगों को चोट पहुंचाती हैं। लेकिन गलतियां होंगी।

हम अपनी गलतियों को उन चीजों के रूप में देख सकते हैं जिन्हें हम भूलना चाहते हैं या अपने सबसे दिलचस्प, चुनौतीपूर्ण और उत्तेजक अनुभवों के रूप में देख सकते हैं। गलतियों के कारण नहीं बल्कि जरूरी है कि हमने उनसे क्या सीखा है।उन्होंने नोट ने निष्कर्ष निकाला, मैं गलतियां करने जा रही हूं मैं खुद को मॉफ करूंगी और उनसे सीखूंगी।४६ वर्षीय अभिनेत्री के राज कुंद्रा के साथ वियान और समीशा दो बच्चे हैं। उन्होंने एक स्टिकर जोड़ा, जिसमें लिखा था, गलती की, लेकिन यह ठीक है।हालांकि, शिल्पा जिस बात का जिक्र कर रही थीं, उसका जिक्र इंस्टाग्राम स्टोरी में नहीं किया गया।

# कृति सेनन के गाने परम सुंदरी ने 100 मिलियन व्यूज किये पूरे

कृति सेनन ने अपनी लेटेस्ट रिलीज फिल्म मिमी से सबका दिल जीता है। फिल्म सरोगेसी पर फोकस करती है और कृति फिल्म में एक सरोगेट माँ के रूप में नजर आयी। फिल्म का म्यूजिक ए आर रहमान ने दिया और फिल्म के गाने काफी हिट साबित हुए। फिल्म का डांस नंबर परम सुंदरी ने अब यू ट्यूब पर 100 मिलियन व्यूज पूरे कर लिए है और इस वजह से कृति ने किया अपने फैंस को धन्यवाद।फैंस को धन्यवाद देते हुए कृति ने लिखा, 100 मिलियन हमारी परम सुंदरी के लिए। बहुत बहुत बहुत ध न्यवाद। मुझे सारे वीडियो और एडिटर बहुत पसंद आ रहे है।

गाने में कृति ने बहुत अच्छा डांस किया है और इंटरनेट पर फैंस द्वारा इस गाने पर बनाई गयी रील्स मौजूद है। कृति ने फिल्म रिलीज के एक महीना पूरा होने पर अपने फैंस को खास धन्यवाद दिया था फिल्म को इतना प्यार देने के लिए।

अभी हाल ही में कृति मनीष मल्होत्रा की कलेक्शन नूरानीयत पहने हुए नजर आयी। मनीष ने कृति को लेकर अपनी कलेक्शन में एक वीडियो बनायीं जिसमे कृति दुल्हन के अवतार में बेहद खूबसूरत लग रही है।

वर्कफ्रंट पर, कृति के पास काफी फिल्में है। वह वरुण धवन के साथ फिल्म भेडिया में नजर आएंगी । वह राजकुमार राव के साथ फिल्म हम दो हमारे दो में नजर आएँगी।

इसके साथ साथ वह अक्षय कुमार के साथ फिल्म बच्चन पांडे में भी नजर आएँगी। वह फिल्म आदि पुरुष में सीता के रोल में भी नजर आएंगी जिसमे उनके साथ प्रभास और सैफ अली खान भी नजर आएंगे।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक वीना जोशी द्वारा देवभूमि प्रिन्टर्स, सरस मार्केट, हल्द्वानी, नैनीताल रोड, (नैनीताल) से मुद्रित एवं 12, बसन्त विहार छोटी मुखानी, हल्द्वानी (नैनीताल) उत्तराखण्ड से प्रकाशित।
**सम्पादक : वीना जोशी**

**सभी विवादों का निपटारा हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होगा। प्रकाशित समाचारों के लिए प्रेस उत्तरदायी नहीं है।**